# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–164 । सागर, मंगलवार, 1 अगस्त 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



सिविल अस्पताल में स्टाप नर्सों द्वारा डिलेवरी कराने आई के पैसे लेने के लगे आरोप — पृष्ठ 2
- मणिपुर खुद जल नहीं रहा है, जलाया जा रहा है!
- मोदी सरकार का असली इरादा है कांग्रेस पर नकेल कसना — पृष्ठ 4
- स्वीकृति से पहले करा दिया अधिकांश काम, अब कागजों में बता रहे प्रगतिरत — 6
सिंचाई परियोजना से पाइप लाइन के माध्यम से खेतों में पहुंचेगा पानी: गोपाल भार्गव — 8


## सार-समाचार

### लालू परिवार की संपत्ति कुर्क

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय ने कथित 'जमीन के बदले रेलवे में नौकरी' घोटाले से जुड़े धनशोधन के आरोपों की जांच के तहत कुछ संपत्तियां कुर्क की हैं। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने संपत्तियों को कुर्क करने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया है। कुर्क की गयी संपत्तियों की संख्या और उनकी कीमत के बारे में जानकारी अभी सामने नहीं आई है। ईडी ने इस मामले में बीते कुछ महीनों में प्रसाद की पत्नी एवं बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी समेत उनके बच्चों- बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, राजद से राज्यसभा की सदस्य मीसा भारती, चंदा देवी और रागिनी यादव के बयान दर्ज किए हैं। कथित घोटाला उस समय का है जब लालू प्रसाद संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की पहली सरकार में रेल मंत्री थे। ईडी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2004-09 की अवधि में भारतीय रेलवे के विभिन्न क्षेत्रों में कई लोगों को ग्रुप-डी के पदों पर नियुक्त किया गया, जिसके बदले उनसे लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों के नाम उनकी जमीन हस्तांतरित कराई गई।

### 6.40 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयकर आंकलन वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने के अंतिम दिन सोमवार शाम चार बजे तक 6.40 करोड से अधिक रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। इसमें से 3.84 लाख रिटर्न पिछले एक घंटे में दाखिल हुए हैं। कल तक कुल मिलाकर 6.13 करोड़ रिटर्न दाखिल किए गए थे। इस तरह से कुल मिलाकर 6.40 करोड़ रिटर्न दाखिल हो चुके हैं।

### कांग्रेस 9 अगस्त को मनाएगी 'आदिवासी गौरव पर्व'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने अपनी सभी राज्य इकाइयों को विश्व के मूल निवासियों के अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर 9 अगस्त को 'आदिवासी गौरव पर्व' आयोजित करने के लिए कहा है। सूत्र के मुताबिक, कांग्रेस महासचिव प्रभारी (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने इस संबंध में सभी प्रदेश कांग्रेस समितियों (पीसीसी) को पत्र लिखा है। इसके अलावा, वेणुगोपाल ने राज्य इकाइयों से आदिवासियों की भलाई के लिए कांग्रेस के योगदान को उजागर करते हुए मेगा रैलियां निकालने को कहा है।

### हैदराबाद के आखिरी निज़ाम के पोते शहामत जाह का निधन

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद राज्य के आखिरी निज़ाम मीर उस्मान अली खान के पोते प्रिंस शहामत जाह का संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 68 वर्ष के थे। उन्होंने हैदराबाद के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। उन्हें सोमवार तड़के मस्जिद-ए-जूदी, किंग कोठी से सटे कब्रिस्तान में दफनाया गया, जहां उनके दादा को दफनाया गया था। शहामत जाह का जन्म मीर शुजात अली खान मोअज्जम जाह बहादुर और अनवरी बेगम से हुआ था।

कक्षा के अंदर दिल दहला देने वाली वारदात

### 10वीं के छात्र ने साथी का गला काटा

**कानपुर, एजेंसी।** कानपुर के न्यू आजाद नगर स्थित प्रयाग इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के छात्र ने अपने सहपाठी की चाकू मारकर हत्या कर दी. दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था. इसी रंजिश में बदला लेने के इरादे से चाकू लेकर छात्र स्कूल पहुंच गया और विवाद के बाद उसने अपने साथी की धारदार हथियार से हत्या कर दी।

बिधूना थाना पुलिस के मुताबिक, प्रयाग इंटर कॉलेज के हाईस्कूल सेक्शन-ए में पढ़ने वाले छात्र नीलेश तिवारी (15) का दो दिन पहले सहपाठी राजवीर यादव से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था. इसके जवाब में राजवीर यादव सोमवार को अपने बैग में चाकू छिपाकर स्कूल पहुंच गया. किसी बात को लेकर सोमवार सुबह दोनों के बीच फिर झगड़ा हुआ और राजवीर यादव ने चाकू से नीलेश के पेट और गर्दन पर कई वार कर दिए. यह देख क्लास में चीख-पुकार मच गई और वहां मौजूद छात्रों में हड़कंप मच गया. जब तब टीचर पहुंचे तब तक नीलेश तिवारी खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़ा था. पुलिस ने घायल छात्र को अस्पताल भेजा, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. पुलिस का कहना है कि आरोपी और पीड़ित एक साथ 10वीं क्लास में पढ़ते हैं। आरोपी को पकड़ लिया गया है और उससे हत्या की वजह को लेकर पूछताछ जारी है।

मणिपुर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा-

# पुलिस को मामला दर्ज करने में 14 दिन क्यों लगे

### प्रधान न्यायाधीश ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने मजबूत प्रक्रिया बनाने के दिए निर्देश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर वायरल वीडियो मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में फिर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि वीडियो के सामने आने के बाद यह मामला सामने आया, लेकिन यह एकमात्र घटना नहीं है, जहां महिलाओं के साथ मारपीट या उत्पीड़न किया गया है। अन्य घटनाएं भी हैं। सीजेआई ने कहा कि हमें महिलाओं के खिलाफ हिंसा के व्यापक मुद्दे को देखने के लिए एक व्यवस्था भी बनानी होगी। इस व्यवस्था को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसे सभी मामलों का ध्यान रखा जाए। उन्होंने पूछा कि तीन मई के बाद से, जब मणिपुर में हिंसा शुरू हुई थी, ऐसी कितनी एफआईआर दर्ज की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि जब घटना चार मई को हुई तो एफआईआर 18 मई को क्यों दर्ज की गई? चार मई से 18 मई तक पुलिस क्या कर रही थी? यह घटना जब सामने आई कि महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया गया और कम से कम दो के साथ दुष्कर्म किया गया, तब पुलिस क्या कर रही थी?

मणिपुर की दो पीड़ित महिलाओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि महिलाएं मामले की सीबीआई जांच और मामले को असम स्थानांतरित करने के खिलाफ हैं। इस पर सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हमने कभी भी मुकदमे को असम स्थानांतरित करने का अनुरोध नहीं किया है। तुषार मेहता ने ■ शेष पृष्ठ 5 पर

### हिंसा में शामिल लोगों का सहयोग कर रही थी पुलिस

दो पीड़ित महिलाओं की ओर से पेश हुए कपिल सिब्बल ने कहा कि यह स्पष्ट है कि पुलिस उन लोगों के साथ सहयोग कर रही थी, जिन्होंने दोनों महिलाओं के खिलाफ हिंसा को अंजाम दिया। पुलिस ने इन महिलाओं को भीड़ में ले जाकर छोड़ दिया और भीड़ ने वही किया, जो वे करते थे। सिब्बल ने कहा, पीड़ित महिलाओं में से एक के पिता और भाई की हत्या कर दी गई थी। हमारे पास अभी भी शव नहीं हैं। 18 मई को ■ शेष पृष्ठ 5 पर

# संसद में मणिपुर में 8वें दिन भी हंगामा

- मणिपुर पर संसद में चर्चा हो, मोदी मांगे माफी : कांग्रेस
- मंत्रियों और खड़गे से मिले धनखड़





**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद के मानसून सत्र का सोमवार को 8वां दिन था। दोनों सदनों में मणिपुर मुद्दे पर हंगामा हुआ। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने मुद्दे पर अल्पचर्चा की मंजूरी दे दी, लेकिन सदन में हंगामा जारी रहा। धनखड़ ने अपने ऑफिस में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कुछ मंत्रियों से भी बात की, ताकि सदन में गतिरोध दूर किया जा सके।

राज्यसभा में सुबह मणिपुर मुद्दा उठा तो सरकार ने कहा कि हम इस पर आज ही चर्चा को तैयार हैं। दोपहर 2 बजे इस पर चर्चा हो। राज्यसभा सांसद पीयूष गोयल ने कहा- विपक्ष चर्चा से भाग रहा है, वो सच को सामने नहीं आने दे रहा। विपक्षी सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर अड़ गए। 2 बजे जब सदन शुरू हुआ तो सभापति ने मणिपुर पर अल्पचर्चा को मंजूरी दे दी, लेकिन हंगामा जारी रहा। इसके बाद सदन की कार्यवाही पहले 2.30 बजे और फिर 3.30 बजे तक स्थगित कर दी गई। 3.30 के बाद जब राज्यसभा शुरू हुई तो भी हंगामा जारी रहा, इसके बाद अगले दिन (1 अगस्त) 11 बजे तक सदन स्थगित हो गया।

लोकसभा में भी आज मणिपुर मुद्दे पर हंगामा हुआ। 11 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा कि मलावी का डेलिगेशन भारत आया है। वे सदन की कार्यवाही देखने आए हुए हैं। हम उनका स्वागत करते हैं। जैसे ही बिड़ला की स्पीच खत्म हुई, विपक्षी सांसदों ने मणिपुर मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सदन में बयान देने की मांग की। विपक्षी सांसदों ने वेल में आकर ■ शेष पृष्ठ 5 पर

### मणिपुर से लौटे प्रतिनिधिमंडल ने नेताओं को दी जानकारी

इंडिया गठबंधन के मणिपुर का जायजा लेने गये प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने संसद की कार्यवाही शुरु होने से पहले संसद भवन आज बैठक की और सदन में अपने अपने दल के नेताओं को मणिपुर के ताजा हालात से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने सदन के नेताओं के साथ यह बैठक यहां संसद परिसर में स्थित ■ शेष पृष्ठ 5 पर

### मणिपुर पर चर्चा से डरा हुआ है विपक्ष



केंद्रीय मंत्री एवं राज्य सभा में नेता सदन पीयूष गोयल ने विपक्ष की सोच में खोट होने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार आज ही 2 बजे सदन ( राज्य सभा) में मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन विपक्ष चर्चा से भाग रहा है। गोयल ने कहा कि विपक्ष की सोच ■ शेष पृष्ठ 5 पर

मुख्यमंत्री ने प्रदान किए श्रम, आबकारी और सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र

# 1 लाख पदों पर होगी भर्ती, 60 हजार को नियुक्ति मिली



### शासकीय सेवा का अर्थ है, जनता की सेवा और प्रदेश-देश का विकास

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में एक वर्ष में 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती होगी, जिसमें से लगभग 60 हजार पदों पर नियुक्ति दी जा चुकी है। प्रदेश की जनता मेरा परिवार है और मैं सरकार को परिवार की तरह ही चलाने का प्रयास करता हूँ। गरीब और मजदूर हमारे लिए भगवान हैं। शासकीय सेवा में आपका चयन उनकी सेवा के लिए हुआ है। गरीब और मजदूर को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना, उन्हें काम का स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है। मुख्यमंत्री श्री चौहान आबकारी, श्रम और सहकारिता विभाग के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निवास कार्यालय पर कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने नवनियुक्त शासकीय सेवकों को नियुक्ति-पत्र वितरित किए और शुभकामनाएँ दीं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पिछली 15 अगस्त पर मैंने एक साल में एक लाख पदों पर भर्ती की बात कही थी। यह भर्ती अभियान निरंतर जारी है। अब तक 60 हजार लोगों को नियुक्ति दी जा चुकी है। आज की नियुक्तियां भी इसमें शामिल हैं। हमारी प्रतिबद्धता रही है कि पारदर्शिता, ईमानदारी और मेरिट के आधार पर शासकीय सेवा में भर्तियां हों। आप सबका चयन मेरिट के आधार पर हुआ है, अत: आप सब बधाई के पात्र हैं। शासकीय सेवा में कार्यभार ग्रहण करने के बाद विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन आपके माध्यम से ही होगा। आप इस दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करें, यही आशीर्वाद और शुभकामनाएँ हैं। मेरी अपेक्षा है कि आप इस भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करें कि हम केवल अपने लिए नहीं, अपितु प्रदेश की जनता और प्रदेश के लिए हैं। शासकीय सेवा का अर्थ है, जनता की सेवा और प्रदेश एवं देश का विकास। इसके लिए कर्तव्य और दायित्व का भाव सदैव मन में रहना चाहिए। आप पर ही प्रदेश की प्रगति और विकास ■ शेष पृष्ठ 5 पर

### कुल 741 को नियुक्ति पत्र वितरित

कार्यक्रम में कुल 741 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र वितरित किए गए। आबकारी विभाग में 340 आबकारी आरक्षकों, सहकारिता विभाग में 347 क्लर्क और कंप्यूटर ऑपरेटर तथा श्रम विभाग में बीमा चिकित्सा पदाधिकारी, फार्मासिस्ट, सहायक ग्रेड 3 और सफाई सेवक के पदों पर कुल 54 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रमुख सचिव सहकारिता उमाकांत उमराव, प्रमुख सचिव वाणिज्यिक कर श्रीमती दीपाली रस्तोगी, आबकारी आयुक्त ओ.पी. श्रीवास्तव, प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक पी.एस. तिवारी तथा चयनित अभ्यर्थी उपस्थित थे।

# हरियाणा के नूंह में शोभायात्रा के दौरान बवाल, जवान की मौत

**नूंह, एजेंसी।** हरियाणा के नूंह में सोमवार को विश्व हिंदू परिषद और मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की तरफ से निकाली जा रही ब्रजमंडल यात्रा के दौरान बवाल हो गया। दो गुटों में हुए टकराव के बाद तीन दर्जन से ज्यादा गाड़ियों को आग लगा दी गई।

- गाड़ियों में की गई तोड़फोड़
- इंटरनेट बंद, धारा 144 लागू

पुलिस पर भी पथराव किया गया। भीड़ की तरफ से चली गोली में होमगार्ड के एक जवान की मौत हो गई है। हिंसा में कई लोग और पुलिसवाले घायल हो गए। उपद्रवियों ने नूंह के साइबर थाना पर भी हमला कर दिया। उपद्रवियों ने पथराव किया और बाहर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। हंगामे को देख पुलिसकर्मियों को जान बचाकर भागना पड़ा। मेवात के कस्बे नगीना और फिरोजपुर-झिरका में भी कई जगह आगजनी की गई। इससे पहले उपद्रवियों ने स्कूल बस में भी तोड़फोड़ की थी। बस को उपद्रवी लूट ले गए और थाने को तोड़ने के लिए उसकी दीवार में टक्कर मार दी। नूंह जिला प्रशासन ने हालात से निपटने के लिए दूसरे जिलों से पुलिस फोर्स बुलाई है, साथ ही पूरे जिले में धारा 144 लगाते हुए दो अगस्त यानी 2 दिन के लिए इंटरनेट भी बंद कर दिया गया। जिले की सीमाएं सील कर दी गई हैं। ब्रजमंडल यात्रा नूंह के नल्हड़ शिव मंदिर से फिरोजपुर-झिरका की तरफ रवाना हुई थी। जैसे ही यात्रा तिरंगा पार्क के पास पहुंची, वहां एक समूह के लोग पहले से जमा थे। आमने-सामने आते ही दोनों पक्षों में तकरार हो गई और देखते ही देखते पथराव शुरू हो गया।

सोमवार दोपहर को सबसे पहले तिरंगा पार्क के पास हिंसा भड़की जिसने देखते ही देखते पूरे नूंह शहर को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान पुराना बस स्टैंड, होटल बाइपास, मेन बाजार, अनाज मंडी और गुरुग्राम-अलवर हाईवे पर एक के बाद एक गाड़ियां फूंक दी गई। दोपहर तक 40 से ज्यादा वाहनों में आगजनी और तोड़फोड़ हो गई। इनमें कारों के अलावा बसें, बाइक, स्कूटी और दूसरे वाहन शामिल रहे। गाड़ियों में लगाई गई आग की वजह से नूंह शहर के आसमान में धुआं ही धुआं नजर आने लगा।

# निर्माणाधीन पुलिया ढही, 5 की मौत

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के रायगढ़ा जिले में सोमवार को एक निर्माणाधीन पुलिया के अचानक ढह जाने से चार बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई।

सूत्रों ने बताया कि घटना रायगढ़ा जिले के कल्याणसिंगपुर ब्लॉक में सुबह करीब 11 बजे हुई। लोग पुलिया के पास जमा बारिश के पानी में नहा रहे थे और गलती से निर्माणाधीन पुलिया के पास चले गए, जिसका निर्माण ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और अग्निशमन सेवाएं मौके पर पहुंचीं और मलबा हटाने का काम शुरू किया गया। ओडिशा के कानून मंत्री जगन्नाथ साराका, स्थानीय विधायक मकरंद मुदुली और रायगढ़ा के एसपी विवेकानंद शर्मा ने भी घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। विधायक ने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताते हुए कहा कि हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने घटना में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रत्येक मृतक के परिवार के सदस्यों के लिए 4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। सीएम ने हादसे के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का भी आदेश दिया है।

जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में घटना को दिया अंजाम

# रेलवे सुरक्षा बल के जवान ने प्रभारी समेत 4 को गोली मारी

**मुंबई, एजेंसी।** चलती ट्रेन में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक कांस्टेबल ने जयपुर-मुंबई सुपरफास्ट एक्सप्रेस (नंबर 12956) में अपने प्रभारी और तीन अन्य यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ट्रेन विरार (पालघर) और मीरा रोड (ठाणे) के बीच तेज गति से चल रही थी, जहां ऑन-ड्यूटी कांस्टेबल चेतन कुमार और उनके प्रभारी, सहायक उप-निरीक्षक टीकम राम के बीच बहस हुई।

यह घटना सुबह करीब 5.23 बजे बी5 कोच में हुई, जब कुमार ने अपने स्वचालित हथियार से एएसआई राम और एक पेंट्री-कार कर्मचारी सहित चार लोगों की हत्या कर दी। बाद में, कुमार ने अलार्म चेन खींच ली व



दहिसर स्टेशन के पास कूदकर भागने का प्रयास किया, लेकिन जीआरपी ने उसे पकड़ लिया। उसे मीरा रोड स्टेशन ले जाया गया, जबकि आरपीएफ, जीआरपी और अन्य अधिकारी घटना की जांच के लिए मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के अनुसार कुमार ने कुछ क्षणों के लिए बंदूक की नोक पर यात्रियों को बंधक बनाने की भी कोशिश की। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ फोरेंसिक टीम, जीआरपी, आरपीएफ और स्थानीय अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है। शवों को पहचान के लिए व औपचारिकताओं के लिए बोरीवली स्टेशन पर भेज दिया गया।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने ड्रोन चुनौतियों, उससे निपटने को लेकर अधिकारियों को किया जागरूक

# ड्रोन के जरिए गिराई जाने वाली सामग्रियों पर जताई चिंता

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले की पुलिस ने ताजा नई चुनौतियों से निपटने के लिए सुरक्षा बलों के जवानों को जागरूक करने तथा ड्रोन के जरिए जासूसी या हमला करने की कोशिश लगातार बढ़ते मामलों को लेकर जांच अधिकारियों को शिक्षित करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

इस बैठक की अध्यक्षता राजौरी पुंछ रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक डॉ.मोहम्मद हसीब मुगल ने की। पुंछ के पुलिस अधीक्षक विनय शर्मा ने अधिकारियों का स्वागत किया और ड्रोन चुनौतियों तथा जांच अधिकारियों के सामने आने वाली समस्याओं पर प्रकाश डाला। वहीं डीआईजी मुगल ने ड्रोन का परिचय, इसकी विशेषताओं, कार्यप्रणाली और नियंत्रण के बारे में विस्तृत प्रस्तुति दी। ड्रोन के बारे में अधिकारियों को वीडियो और कागजी तौर पर जानकारियां दी गईं। इस दौरान ड्रोन की चुनौतियों से निपटने के उपाय को लेकर अधिकारियों ने चर्चा की, क्योंकि उन्हें जांच की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। मोहम्मद हसीब मुगल ने कहा कि जब अधिकारी ड्रोन के मामले की जांच कर रहे हैं, तो उन्हें एहतियात बरतने की जरूर होगी। उन्होंने बताया कि इस मामले की पहचान, साक्ष्य को सुरक्षित करना और फॉरेंसिक जांच को कैसे संग्रहित करना है।




डॉ.मुगल मौजूदा समय में ड्रोन की चुनौतियों के प्रति जागरूकता पर प्रकाश डाला और अधिकारियों से ड्रोन की मूल तकनीक को लेकर आयोजित होने वाली शिविरों में भाग लेने लेने की अपील की।

उन्होंने सीमा के पास ड्रोन के जरिए गिराई जाने वाली सामग्रियों तथा उससे संबंधित अपराध को लेकर चिंता जताई। राजौरी पुंछ रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक डॉ.मोहम्मद हसीब मुगल नेउन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों को अपनी जानकारी में बढ़ोतरी करने तथा इस तरह के अपराध की जांच में व्यवहारिक कौशल को बढ़ाने की आवश्यकता है। राजौरी पुंछ रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक डॉ.मोहम्मद हसीब मुगल ने अधिकारियों को ड्रोन के साथ उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों के बार में बताया और कहा कि कैसे मामलों की जांच के दौरान अपराधों को प्रमाणित करने के लिए उन्हें एकत्र/संरक्षित, विश्लेषण और उपयोग करना है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि ज्ञान और कौशल को बनाए रखने के लिए ऐसी प्रस्तुतियां आरपीएचक्यू राजौरी नियमित तौर पर आयोजित होंगी, ताकि भविष्य में अभूतपूर्व तकनीकी चुनौतियों-अपराधों से निपटने के लिए फील्ड अधिकारियों को तैयार किया जा सके। वहीं, एसएसपी ने पुंछ के पुलिस अधिकारियों के लिए इतनी मूल्यवान और जानकारी से भरी प्रस्तुति देने के लिए डीआइजी आरपी रेंज को धन्यवाद दिया।

## सार-समाचार

### गुरू की अपने शिष्यों पर हमेशा कृपा बनी रहती है: मुनिश्री

**खुरई, देशबन्धु।** प्राचीन जैन मंदिर में विराजमान 22 मुनि, क्षुल्लक महाराज के मंगल सानिध्य में प्रतिदिन अनेक कार्यक्रमों के साथ ही प्रवचन श्रृंखला का आयोजन



चल रहा है। अशोक शाकाहार ने बताया कि आनंदधाम तीर्थ के लिए विभिन्न समितियों का गठन का कार्य पूर्ण हो गया है। मुनिश्री समयसागर ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गुरू की कृपा हमेशा शिष्यों पर बनी रहती है। गुरू जो भी कार्य करते हैं संपूर्ण विश्व के कल्याण की भावना से ही करते हैं। मां की तरह प्राणी मात्र के कल्याण की भावना गुरू के अंदर समायी रहती है। एक बार जब गुरू किसी कार्य को निर्विघ्न संपन्न कराने का आशीर्वाद समाज को दे देते हैं तो वह पूर्ण होकर ही रहता है। हां समय समय पर उसमें विघ्न बाधाएं आती हैं परन्तु अन्तोगत्वा गुरू के आशीष से उन्हीं के मार्गदर्शन में वह बाधाएं भी एक पल में दूर हो जाती है। जिस किसी भी कार्य का संकल्प लिया है, वह पूर्ण होता है। आनंदधाम तीर्थ का निर्माण कार्य भी शीघ्र पूर्ण होगा, यह आचार्यश्री विद्यासागर का आशीर्वाद है। हम तो मात्र आपको आशीर्वाद ही दे सकते हैं। कृपा/आशीर्वाद तो सब गुरूवर का ही है।

### बुढ़ापा जीवन का अभिशाप नहीं अनुभवों की कुंजी है: मुनिश्री

**शाहगढ़, देशबन्धु।** वर्षा कालीन चातुर्मास के तीसरे सप्ताह में नगर के बड़ा मंदिर प्रागंण में धर्मसभा को संबोधित करने पहुंचे मुनिश्री विरंजन सागर ने कहा कि साथ साधु का हो तो सार दिखाई देता है, मिटती हुई मानवता का आकार दिखाई देता है, होली दशहरा दीपावली आते हैं और चले जाते हैं, जिस नगर में संत विराजमान हो वहां हर दिन त्यौहार दिखाई देता है, बुढ़ापा जीवन का अभिशाप नहीं अनुभवों की कुंजी है, इसे विषाद नहीं प्रभु का प्रसाद समझिए। व्यक्ति दो प्रकार से बूढ़ा होता है एक तन से दूसरा मन से जब वक्त की मार पड़ती है तो समय के पहले ही व्यक्ति वृद्ध हो जाता है, जब बेटा उपेक्षा करना शुरू कर देता है तो व्यक्ति हताश होने लगता है आपको बता दें व्यक्ति को जीवन में तीन पड़ाव से गुजरना पड़ता है मां, महात्मा, परमात्मा, बाल्यकाल में मां, युवावस्था में महात्मा और वृद्धों के लिए परमात्मा संभालते हैं। मां की भांति पिता का भी दायित्व बड़ा होता है पिता खुद भुखे रहते हैं लेकिन बच्चों को भूखा नहीं रखते, पिता की क्षमताओं का कोई माप नहीं होता, जिस तरह पुत्रों का पिता की संपत्ति में अधिकार होता है वरन पुत्र की संपत्ति पर पिता का कानूनी अधिकार होना चाहिए। जवानी में गुस्से को मंद रखिए नहीं तो कैरियर खराब हो जाएगा, वृद्ध हो लेकिन क्रोध नही करों अन्यथा बुढ़ापा बिगड़ जायेगा, बुजुर्गों को भार नहीं भाग्य समझिए, बूढ़े पेड़ फल नहीं तो छाया तो देते ही हैं।

### ग्राम सिद्गुवां में संत शिरोमणि रविदास की प्रतिमा की हुई स्थापना



**सागर, देशबन्धु।** सागर में दमोह रोड बहेरिया थाना के पास ग्राम सिद्गुवां स्थित श्री गुरु रविदास मंदिर में प्रतिमा स्थापना समारोह को हर्षोल्लास के साथ संत रविदास अनुयायियों द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर अमृत वाणी पाठ एवं सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें विशाल जनसमूह जिसमें युवाजन, महिला शक्ति, बालिकाओं, समाज के प्रबुद्धजनों, वरिष्ठ लोगों की उपस्थिति रही है। सभी उपस्थित रविदास अनुयायियों ने रविदास शक्ति अमर रहे के अमर नारे से ग्राम सिद्गुवां के वातावरण को गुंजायमान कर दिया। इस प्रतिमा स्थापना समारोह एवं संत सम्मेलन का आयोजन संत रविदास मंदिर समिति ग्राम सिद्गुवां द्वारा किया गया। संत सम्मेलन में सभी संतों ने श्री गुरु रविदास के आदर्शों पर चलने की बात कही है। इस कार्यक्रम में विधायक प्रदीप लारिया, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, सरपंच रुद्र प्रताप सिंह, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र अहिरवार, डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल, समाजसेवी सीताराम अहिरवार आदि सहित बड़ी संख्या में संत रविदास के अनुयायियों की उपस्थिति रही।

# सिविल अस्पताल में स्टाप नर्सों द्वारा डिलेवरी कराने आई के पैसे लेने के लगे आरोप

**गढ़ाकोटा।** गढ़ाकोटा सिविल अस्पताल में मरीजों एवं प्रसव कराने आने वाली महिलाओं से किस प्रकार का व्यवहार स्टाप नर्सों द्वारा किया जा रहा है यह बात किसी से छिपी नहीं है। शनिवार की शाम 6 बजे के करीब ग्राम बरपानी एवं ग्राम कुडई की दो महिलाएं सिविल अस्पताल में डिलेवरी कराने आई थी उक्त महिलाएं पैसे के अभाव में सरकारी अस्पताल पहुंची थी लेकिन डिलेवरी के समय दोनो महिलाओं से सिविल अस्पताल में पदस्थ स्टाप नर्स रचना लोधी द्वारा एक महिला से एक हजार रुपए की मांग की गई वही दूसरी महिला जो बरपानी की थी उससे आठ सौ रुपए लेने के लिए दबाव डाला गया। महिला के पास कम रुपए होने की वजह से उससे स्टाप नर्स रचना लोधी द्वारा कहा गया की पूरे रुपए लेकर आओ।



वह किसी से रुपए मांगकर लाई तब जाकर स्टाप नर्स को दिए जबकि एक महिला पहले रुपए दे चुकी थी। इस संबंध में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुयश सिंघई द्वारा नर्सिंग आफिसर रचना लोधी को नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब प्रस्तुत करने लेख किया गया है। वही सोशल मीडिया पर डिलेवरी कराने वाली महिलाओं से उक्त स्टाप नर्स द्वारा रुपए लेने का मामला जिला चिकित्सा अधिकारी ममता तिमोरे के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने पूरे मामले की जांच कर ब्लाक मेडिकल आफिसर सुयश सिंघई से बुलाई गई है। ज्ञात हो कि इस सिविल अस्पताल में लंबे समय से डिलेवरी कराने आने वाली महिलाओं से स्टाप नर्सों द्वारा गरीब महिलाओं से बिना सेवा शुल्क के डिलेवरी नही कराई जाती। रुपए नही देने वाली महिलाओं के लिए छुट्टी के कागज नही दिए जाते है। प्रसव कराने आने वाली महिलाओं को तीन दिनों तक अस्पताल में रुकना पड़ता है लेकिन उन्हें समय के पूर्व डिस्चार्ज कर दिया जाता है।

### उत्साहित पत्नि ने सेवानिवृत्त हुए पति को पहनाई माला



**शाहगढ़, देशबन्धु।** कृषि विभाग में पदस्थ ग्रामीण विस्तार अधिकारी एसके सोनी की समयावधि पूर्ण एवं शासकीय सेवा कार्यकाल पूर्ण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिला सदस्य गुलाब चंद गोलन और संघ जिला अध्यक्ष सुशील पांडे ने तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण कर इनके स्वस्थ रहने की मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि श्री सोनी जी सदैव विभाग के प्रति लग्नशील एवं कर्तव्यनिष्ठ एवं हमेशा अपने कार्यकाल में लग्नशील रहे हैं। श्री गणेश भगवान की मूर्ति स्मृति चिन्ह स्वरूप भेंट की गई। वृंदावन दिवेदी प्रभारी एसएडीओ ने श्री सोनी के सरल स्वाभाव की प्रशंसा की एवं बीएल लोधी रिटायर्ड आरएईओ के समकक्ष साथी सोनी जी की विदाई समारोह पर आंखे नम हो गईं। सेवानिवृत्त हो रहें पति को घर ले जानें कार्यालय पहुंची उनकी पत्नि ने माला पहनाकर पति का स्वागत किया। संचालन मुकेश भल्ला ने किया। इस अवसर पर परिवारजन एवं पीके जैन, एचएम शर्मा, एसपी तिवारी, नरेंद्र शाह, गोपाल रुरावन सहित समस्त स्टॉफ शामिल रहा।

## पीएम श्री स्कूल में छात्रों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं: लखन सिंह

**बांदरी, देशबन्धु।** अब शासकीय माध्यमिक शाला सागौनी में शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार आएगा। सागौनी ही नहीं यहां के आसपास के छात्र-छात्राओं को भी इसका लाभ मिलेगा। शिक्षा गुणवत्तापूर्ण होगी तो बच्चे अपने क्षेत्र का नाम प्रदेश व देश में रोशन करेंगे। मंत्री भूपेन्द्र सिंह के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का ही नतीजा है कि आज खुरई विधानसभा क्षेत्र में 3 पीएम श्री स्कूलें स्वीकृत हुई हैं। यह बात पीएम श्री स्कूल के शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर मंत्री प्रतिनिधि लखन सिंह ने कही। उन्होंने बताया कि पीएम श्री स्कूल के लिए हर साल 38 लाख रूपए मिलेगें। इस राशि से स्कूल में ऐसी व्यवस्थाएं जुटाई जाएंगी, जिससे



बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। उन्होंने ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि आपकी आने वाली पीढ़ी के लिए पीएम श्री स्कूल लाना बहुत महत्वपूर्ण था। हर साल आने वाले बजट से पीएम श्री स्कूल सागौनी में बच्चों को शिक्षा से संबंधित उच्च स्तरीय सुविधाएं दी जाएगीं। पीएम श्री स्कूल के शुभारंभ कार्यक्रम करने के उपरांत मंत्री प्रतिनिधि लखन सिंह ने छात्र-छात्राओं एवं आमजन के साथ पिठोरिया में किया वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि जो बच्चे बच्चियां सबसे ज्यादा वृक्ष लगायेंगे, उन्हें वृक्षवीर व वृक्ष वीरांगना की उपाधि के साथ नगद राशि से सम्मानित किया जाएगा।

### अर्थ की नहीं, परमार्थ की सिद्धि करो: मुनिश्री

**सागर, देशबन्धु।** अर्थ की नहीं, परमार्थ की सिद्धि करो। भरत चक्रवर्ती ने स्वार्थ वश अर्थ की सिद्धि के लिए अपने भाई बाहुबली के ऊपर भी चक्र चला दिया था और उसी भरत चक्रवर्ती ने परमार्थ के लिए तीर्थंकर आदिनाथ भगवान की सर्वप्रथम अष्टद्रव्य से पूजा की थी। यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनिश्री ने कहा चरणों की पूजा भी होती है, पिटाई भी होती है। विभीषण को रावण ने लात मारी और रावण का अंत हो गया। लात, पैर, चरण, टांग का मुनि श्री ने विस्तार से वर्णन करके बताया। पाद का प्रक्षालन किया जाता है, कदम आगे बढ़ाए जाते हैं एवं पैर को सामान्य शब्द के रूप में जाना जाता है। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा कि संतों का समागम नवधा भक्ति पूर्वक, पुण्य के उदय से मिलता है। जहां चलते फिरते तीर्थ रूपी संत पहुंच जाते हैं वही श्रावक का घर उस समय मंदिर बन जाता है।

### किसानों द्वारा जेपी कंपनी के विरोध में आंदोलन रहेगी जारी



**बीना, देशबन्धु।** भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजाभाई दांगी ने पत्रकारवार्ता कर जेपी कंपनी द्वारा किसानों के साथ किये जा रहे अत्याचार को उजागर किया है। उन्होंने कहा है कि जेपी कंपनी द्वारा किसानों की लगभग एक हजार एकड़ भूमि अधिग्रहण की गई थी जिसमें से 200 एकड भूमि पर प्लांट लगाया गया है और बाकी 800 एकड भूमि अभी रिक्त पड़ी हुई है जो किसानों को वापिस दी जाये। भूमि अधिग्रहण करते समय अनुबंध में कहा गया था कि जिन किसानों की भूमि जेपी कंपनी द्वारा अधिग्रहण की गई है उन किसानों के एक सदस्य को नौकरी दी जायेगी। लेकिन ऐसा अभी तक नहीं हुआ। विगत दिनों जेपी कंपनी द्वारा पत्रकारवार्ता कर जानकारी दी गई थी वह गलत है। कंपनी द्वारा जो अस्पताल बनाई गई है वह जेपी कंपनी की बाउण्ड्रीबॉल के अंदर है जिससे ग्रामीणों को उचित इलाज नहीं मिल पाता और कंपनी द्वारा बनाये गये स्कूल में अध्ययनत हैं उन्हें उचित शिक्षा नहीं दी जा रही है। कंपनी द्वारा बेतवा नदी के जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। कंपनी द्वारा छोड़े गये उपर्जन से नदी में रहने वाले जीवजुंओं की मृत्यु हो रही है। कंपनी द्वारा जब किसानों द्वारा अधिग्रहण की गई भूमि के बारे में जानकारी मांगी जाती है तो रिकार्ड न होने की अनुपलब्धता बात दी जाती है और अनुबंध पत्र की प्रति किसानों को नहीं दी जाती है। कंपनी द्वारा भूमि अधिग्रहण की गई है उससे ज्यादा कब्जा कंपनी द्वारा कर लिया गया है। इस संबंध में किसानों को कोई जानकारी नहीं दी जाती है।

### थोक कचरा उत्पादक संस्थान स्थल पर ही कचरे का प्रसंस्करण कर खाद बनाए: निगमायुक्त

**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने शहर के बड़े प्रतिष्ठानों, होटल, मैरिज गार्डन और रहवासी संघ जहां प्रतिदिन 100 किलो से अधिक मात्रा में गीला कचरा उत्सर्जित होता है उसको स्थल पर ही प्रसंस्करण कर खाद बनाने की अपील की है, जिससे गीले कचरे का उत्सर्जन कम हो और वह कचरा खाद के रूप में उनके ही प्रतिष्ठान में लगे पौधों के उपयोग में आ सके। वर्तमान में नगर निगम में 6 बल्क बेस्ट जनरेटर थोक कचरा उत्पादक संस्थान है जो प्रतिदिन बड़ी मात्रा में गीला कचरा फल सब्जी के छिल्के एवं अन्य गीला कचरा उत्पादित करते हैं, लेकिन इस कचरे को उनके द्वारा कचरा गाड़ी को न देकर उसे स्थल पर ही नाडेप पिट बनवाकर उसमें डाला जाता है जिसके परिणाम स्वरूप उस गीले कचरे से खाद बन जाती है जो उनके प्रतिष्ठान में लगे पौधों के काम आती है। उसी प्रकार रहवासी कॉलोनी में भी गीले कचरे से खाद बनाने के लिए आधुनिक मशीन लगवाई गई है जो गीले कचरे को खाद के रूप में परिवर्तित कर देती है जिससे कॉलोनी में लगे पौधों को खाद की आपूर्ति स्थल पर ही होने लगी है।

## सफाई कर्मचारियों की काम बंद हड़ताल, विधायक ने साथियों के साथ उठाया कचरा

**बीना, देशबन्धु।** नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की प्रदेशव्यापी काम बंद हड़ताल के कारण शहर के वार्डों में साफ सफाई नही हुई। इससे सड़क पर जगह-जगह कचरा पड़ा रहा। साफ-सफाई न होने के कारण लोग परेशान हो रहे हैं। इसके बाद विधायक महेश राय ने अपने साथियों के



साथ मिलकर कचरा उठाया। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के सदस्यों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। सभी कर्मचारी नगर पालिका परिषद में एकत्रित हुए। इसके बाद सभी कर्मचारियों ने नगर पालिका से एक रैली निकाली। और नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे और यहां अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। हड़ताल की वजह से सोमवार को नगर की सफाई व्यवस्था चौपट रही। सदस्यों का कहना है सभी मांगों को लेकर शासन का रवैया ठीक नहीं है। गौरतलब है कि सफाई कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पहले भी ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन अभी तक उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल होने के कारण लोगों की परेशानियों को देखते हुए बीना विधायक महेश राय, पार्षद और नपा अधिकारी कर्मचारियों ने सोमवार की दोपहर को सड़क पर से कचरा हटाया। इस अवसर पर महेश राय ने कहा कि कर्मचारियों की हड़ताल रहने तक सफाई का विशेष ध्यान रखें। शहरवासी यहां-वहां कचरा न फेंके।

## आप के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



**बीना, देशबन्धु।** समय पर पुलिया का निर्माण नहीं होने पर आप कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। पुलिया निर्माण का कार्य जल्द से जल्द पूरा कराने की मांग को लेकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। पूर्व युवा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधानसभा प्रभारी नीलेश सिंह पवार ने बताया कि बीना में मुख्य मार्ग स्टेशन रोड पर निर्माणाधीन पुलिया का कार्य करीब 10 माह से चल रहा है जो आज तक पूरा नहीं हो सका। उन्होंने मांग की है कि 15 दिन के अंदर कार्य पूरा करवाया जाए। पुलिया निर्माण में सुरक्षा मानकों का प्रयोग किया जाए। पुलिया निर्माण में देरी एवं किसी भी प्रकार के सुरक्षा मानकों का प्रयोग न करने पर उक्त ठेकेदार को बीना नगर पालिका में ब्लैक लिस्टेड किया जाए। जब तक पुलिया निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं होता है तब तक आसपास स्वच्छता का ख्याल रखा जाए। कार्य देखने में गुणवत्ता में संदेह होता है कार्य की गुणवत्ता की जांच भी की जाए। अगर 30 दिन में कार्य पूर्ण नहीं हुआ तो हम सभी उग्र आंदोलन करेंगे। इस दौरान नगर पालिका सीएमओ सुरेखा जाटव मौके पर पहुंची जहां कार्यकर्ताओं ने उन को ज्ञापन सौंपा। सीएमओ ने जल्द से जल्द कार्य पूरा कराने का आश्वासन दिया।

### 1 अगस्त को खुरई के संत रविदास उद्यान से आरंभ होगी समरसता यात्रा

**सागर, देशबन्धु।** सागर के ग्राम बड़तूमा में विश्व के सबसे बड़े संत रविदास मंदिर के भूमिपूजन समारोह हेतु खुरई विधानसभा क्षेत्र में समरसता यात्रा 1 अगस्त से 10 अगस्त तक आयोजित होगी। मंत्री भूपेंद्र सिंह के निर्देश पर खुरई विधानसभा क्षेत्र की समरसता यात्रा का मार्ग तिथिवार जारी कर दिया है। दसों दिन यात्रा का विश्राम किसी ग्राम में ही होगा। खुरई की समरसता यात्रा ग्यारहवें दिन श्योपुर जिले से खुरई आ रही समरसता यात्रा में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए जा रहे भूमिपूजन समारोह में ढाना हवाई पट्टी प्रांगण पहुंचेगी। समरसता यात्रा प्रत्येक दिन नगरीय क्षेत्र में लगभग 15 वार्डों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 17 ग्रामों में पहुंचेगी और रात्रि विश्राम संबंधित ग्राम में करके अगली सुबह फिर अगले गंतव्य ग्राम के लिए रवाना हो जाएगी। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने सभी नागरिकों, ग्राम वासियों से आह्वान किया है कि वे अपने नगर व ग्रामों के पवित्र धार्मिक स्थल से एक मुट्ठी मिट्टी व नदी, बावड़ी, कुओं का पवित्र जल लाकर समरसता रथ में रखे गए पात्रों में समर्पित करें। इस पवित्र मिट्टी व पवित्र जल का उपयोग संत रविदास मंदिर के निर्माण में किया जाएगा।

## बनहट में किया पीएमश्री स्कूल का शुभारंभ



**खुरई, देशबन्धु।** जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने शासकीय माध्यमिक शाला बनहट में पीएमश्री स्कूल का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मंत्री भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा खुरई की शासकीय माध्यमिक शाला बनहट को पीएम श्री स्कूल में चयनित किया गया है। आज बनहट में पीएम श्री स्कूल का शुभारंभ हुआ है। पीएम श्री स्कूल में छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु आधुनिक शिक्षा मिलेगी। प्रतिवर्ष मिलने वाली राशि से स्कूल परिसर में खेल मैदान का समतलीकरण, सीसीटीव्ही, अतिरिक्त कक्ष, पेयजल व्यवस्था, विद्युतीकरण, ग्रीन स्कूल, एलईडी लाइट सहित जरूरी सुविधाओं की पूर्ति की जाएगी। मंत्री भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से शिक्षा के क्षेत्र में खुरई को अनेक उपलब्धियां मिल रहीं हैं। सरोज सिंह ने विकास पर्व अंतर्गत खुरई के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरोदिया नौनागिर में एक करोड़ की लागत के विभिन्न विकास कार्यों एवं शासकीय हाईस्कूल ललोई में एक करोड़ के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने बनहट में 95.65 लाख की लागत के ग्रामीण नल जल योजना का भूमिपूजन किया।

## सफाई कर्मियों को वेतन बीस हजार और स्थाई नौकरी का दर्जा मिलना चाहिए: जुगविंदर सिंह



**शाहगढ़, देशबन्धु।** मांगों को लेकर सोमवार से अनिश्चितकाल हड़ताल पर बैठे शाहगढ़ के सफाई कर्मियों के समर्थन में आम आदमी पार्टी सामने आ गई है। पार्टी ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर सफाई कर्मियों की 18 सूत्रीय मांगों को पूरा करें अन्यथा भाजपा को इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा। शाहगढ़ पहुंचे पंजाब सरकार में राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त व आप के नेता जुगविंदर सिंह ने कहा कि मप्र में सफाई सेवक बहुत ही मामूली वेतन पर पिछले कई साल से कच्चे मुलाजिमों के तौर पर काम कर रहे हैं। अच्छे वेतन व स्थायी नौकरी की मांग कर रहे हैं, परंतु भाजपा सरकार इन सफाई सेवकों के साथ बार-बार वादे करके अपने वादों से भाग रही है। स्थायी नौकरी ओर कम से कम 20 हजार रुपये प्रति महीना वेतन की मांग सरकार को तुरंत मानते हुए मप्र में चल रही सफाई सेवकों की हड़ताल को तुरंत खत्म करवाना चाहिए। सफाई कर्मियों की हड़ताल के कारण शहरों में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, जिसके साथ बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है उन्होंने ऐलान किया कि आम आदमी पार्टी सफाई कर्मियों के हर संघर्ष में साथ देते हुए इनकी मांगें माने जाने तक संघर्ष में शामिल रहेगी। यहां आप नेता सुनील जैन बंडा, विधानसभा प्रभारी माधव शाह, शाहगढ़ कांग्रेस नेता राकेश सेठ ने भी सफाई कर्मियों की सभी मांगों को जायज ठहराते पूरी करने की बात धरना स्थल पर सार्वजानिक मंच से कही। इस दौरान आप पार्टी के नेताओं ने सफाई कर्मियों का सम्मान किया।

## सेंट्रल बैंक का घंटों नहीं खोला ताला, सागर से टीम पहुंचने के ढाई घंटे बाद खोला




**बीना, देशबन्धु।** बारधा गांव में स्थित सेंट्रल बैंक की शाखा प्रबंधक की रविवार को थाने में शिकायत की गई थी। इसके बाद एक नया मामला सामने आया। सोमवार की सुबह बैंक का गेट अंदर से बंद कर दिया। बैंक के बाहर बड़ी संख्या में ग्रामीण खड़े थे। बैंक का गेट नहीं खुलने के कारण लोग परेशान होते रहे। जब सागर से बैंक के अधिकारी वायरल वीडियो की जांच करने पहुंचे, तब कहीं जाकर बैंक का गेट ढ़ाई घंटे बाद खोला गया। बारधा गांव के सेंट्रल बैंक में सोमवार की सुबह बैंक खुलने से पहले ही लोगों की लंबी लाइन लग गई थी। बैंक के एक कर्मचारी ने बैंक का अंदर से गेट बंद कर दिया था। बैंक कर्मचारी ने लोगों को कुछ नहीं बताया कि किस वजह से बैंक का गेट बंद किया गया है। सप्ताह के पहले ही दिन बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों को बैंक खुलने का काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। ओडामल गांव की सरजुबाई ने बताया कि वह पैसा निकलने के लिए चौथी बार आई है। हर बार कुछ न कुछ समस्या बता दी जाती है। सोमवार को भी वह करीब दो घंटे से बैंक के बाहर खड़ी हुई है।

### अधिकारियों के पहुंचने के ढ़ाई घंटे बाद खुला बैंक

जब रविवार को जैरुआ गांव की एक महिला ने विधायक से बारधा के सेंट्रल बैंक की शाखा प्रबंधक की शिकायत थाने में की थी। इस मामले में एक सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसी को लेकर सोमवार की दोपहर को करीब 1 बजे सागर सेंट्रल बैंक के अधिकारी जांच करने के लिए बारधा सेंट्रल बैंक पहुंचे थे। इसके बाद बैंक के अंदर मौजूद कर्मचारी ने गेट खोला तब कहीं जाकर ढाई घंटे बाद करीब दोपहर 1 बजे बैंक का गेट खुल सका। जहां कर्मचारी ने बताया कि सर्वर नहीं मिलने की वजह से बैंक का गेट नहीं खोला गया था। इस दौरान मौजूद ग्रामीणों का कहना था कि इसकी जानकारी कर्मचारी ने न तो बैंक के बाहर खड़े ग्रामीणों को दी और न ही इसकी सूचना चस्पा की गई। कन्नाखेड़ी गांव के गोलू राजपूत ने बताया कि वह करीब 7 किलोमीटर की दूरी से बैंक आया है। यहां पर छोटे से काम के लिए भी घंटों इंतजार करना पड़ता है। प्रीतम अहिरवार ने बताया कि वह आठ दिन से डीबीटी कराने के लिए चक्कर लगा रहा है लेकिन अभी तक कोई काम नहीं हुआ है। रामप्रसाद, बाबूलाल ने बताया कि बैंक में दलाल सक्रिय है उनके बगैर कोई काम नहीं होता है। बारधा बैंक से करीब 20 गांव के लोग जुड़े हुए हैं।

### शिकायत के बाद नहीं पहुंची शाखा प्रबंधक

बारधा में संचालित सेंट्रल बैंक में शुक्रवार को जेरूआ गांव निवासी सरोज रानी पति विजय अहिरवार ने बैंक मैनेजर से बैलेंस चेक करने और फिर 5 हजार रूपए निकालने की बात कही थी। इस पर मैनेजर ने कियोस्क शाखा से या ऑनलाइन से रुपए निकालने की सलाह दी। जब महिला ने कहा कि उसे यह सब नहीं आता है तो इसके बाद बैंक मैनेजर महिला आग बबूला हो गई थी। पहले महिला से बदसलूकी की फिर धक्के देकर अपमानित करते हुए उसे बैंक से बाहर निकालने लगी। इस दौरान महिला गिर भी गई इसके बाद भी बैंक मैनेजर नहीं मानी और उसे बाहर निकालने का प्रयास करती रही। जिसका एक वीडियो भी वायरल हुआ था। महिला ने इसकी शिकायत विधायक से की है ओर विधायक के साथ मिलकर थाने में शिकायत की गई थी। इस घटनाक्रम के बाद सोमवार को शाखा प्रबंधक बैंक नहीं पहुंची।

### सीसीटीवी फुटेज देखे जाएंगे

इस मामले की जांच करने सागर सेंट्रल बैंक के अधिकारी सोमवार को बैंक पहुंचे। जहां उन्होंने बताया कि शुक्रवार को जो महिला के साथ घटनाक्रम हुआ है। इस पूरे मामले के सीसीटीवी फुटेज देखे जाएंगे और ग्राहकों की जो शिकायत है वह भी ली जाएगी।

## सार समाचार

### श्रावण के चतुर्थ सोमवार पर मतंगेश्वर मंदिर में हुआ भंडारा

**खजुराहो, देशबन्धु।** पर्यटन नगरी के चंदेलकालीन मतंगेश्वर मंदिर में श्रावण माह के चौथे सोमवार पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय सहित क्षेत्र भर से लोग और पर्यटकों ने भाग लिया। इस मौके पर शिवभक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही शिवभक्तों का आना शुरू हो गया था, जो कि देर शाम तक चलता रहा। शिवभक्तों ने मतंगेश्वर शिवलिंग पर जल अर्पण करते हुए पूजा-अर्चना की। विशाल भंडारे में विधायक नातीराजा, कविता सिंह, पप्पू अवस्थी, रामराजा अरजरिया, शैलेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने सहयोग किया।

### सेवानिवृत्त पर तीन पुलिसकर्मियों को दी विदाई



**छतरपुर, देशबन्धु।** लंबे समय तक पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं देने के उपरांत 31 जुलाई यानि की सोमवार को सेवानिवृत्त हुए तीन पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक अमित सांघी द्वारा आत्मीय विदाई दी गई। एसपी श्री सांघी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया और इसके बाद स्मृति चिन्ह तथा उपहार देते हुए आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर 39 वर्ष 05 माह 30 दिन तक सेवाएं देने वाले कार्यवाहक उपनिरीक्षक मदनगोपाल अवस्थी, 41 साल 16 दिन सेवाएं देने वाले कार्यवाहक उपनिरीक्षक मुन्नी लाल अहिरवार तथा 41 साल 6 माह 7 दिन सेवाएं देने वाले कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक रामप्रताप सिंह बुंदेला ने विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों और अपने साथियों का सेवाकाल के दौरान मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

### अनियमितता पाए जाने पर राशन विक्रेता पर एफआईआर दर्ज

**कलेक्टर ने दिए थे जांच के आदेश**

**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में छतरपुर जिले के गौरिहार विकासखण्ड स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान दादूताल के विक्रेता के विरूद्ध शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए थे। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान दादूताल की जांच कराई गई। जांच में विक्रेता अरविन्द्र यादव तनय देवी सिंह यादव निवासी इमलाही के द्वारा अन्य अनियमितताओं के साथ-साथ 163.29 क्विं0 गेंहू, 122.84 क्विं0 चावल, 6.43 क्विं0 नमक कम भंडारित पाये जाने से परीक्षण उपरान्त शासकीय उचित मूल्य दुकान दादूताल के विक्रेता अरविन्द यादव के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत थाना गोयरा मे एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई।

### छतरपुर एवं बिजावर विधानसभा का सम्मेलन आज

**छतरपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सभी विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं। छतरपुर विधानसभा का सम्मेलन सुबह 11ः00 बजे सभागार मोटे के महावीर मंदिर के पास एवं दोपहर 1 बजे विजावर विधानसभा का सम्मेलन जानकी निवास मंदिर प्रांगण मे आयोजित किया जाएगा।

भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अरविन्द बुंदेला ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य वक्ता वन विकास निगम के उपाध्यक्ष सत्येंद्र भूषण सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती ललिता यादव संबोधित करेंगी।

जिला अध्यक्ष मलखान सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने का आग्रह किया है।

# जमीन विवाद पर हुई फायरिंग, 1 की मौत, 4 घायल





**बिजावर, देशबन्धु।** सोमवार की दोपहर बिजावर कस्बे में लंबे समय से चल रहे एक जमीनी विवाद को लेकर दो मुस्लिम परिवार आपस में भिड़ गए। यह विवाद एक इमाम बाड़े की बाउण्ड्री निर्माण को लेकर शुरू हुआ था जिसके बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला कर दिया। लगभग एक घंटे चले विवाद के दौरान एक-दूसरे पर ईंटें चलाई गईं। एक पक्ष के चार लोगों ने 12 बोर की बंदूक से अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई जबकि चार लोग जख्मी हुए हैं जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बिजावर के ग्वालियरगंज मोहल्ले में रहने वाले गुण्डा प्रवृत्ति के मंगू, फरीद और इम्तियाज वेग का विवाद यहां रहने वाले राजू खान से चल रहा था। दोनों पक्षों में कुछ जमीन को लेकर विवाद है। राजू खान का परिवार मोहर्रम के अवसर पर यहां बने इमाम बाड़े के समीप एक बाउण्ड्री का निर्माण करा रहा था तभी दूसरे पक्ष ने छत से ईंटें बरसाना शुरू कर दिया। दूसरे पक्ष ने जवाब दिया तो इम्तियाज 12 बोर की बंदूक लेकर आ गया और उसने फायरिंग शुरू कर दी।

इस हमले में घायल छोटे खान ने बताया कि मंगू, फरीद और इम्तियाज ने मिलकर लगभग 4 राउण्ड फायर किए जिसकी गोलियां कई लोगों को लगीं। इस हमने में एक युवक कल्लू खान तनय प्यार खान की घटना स्थल पर मौत हो गई जबकि छोटे खान, राजू खान सहित दो महिलाएं रब्बो और फिरदोस को छर्रे लगे हैं। चारों घायलों को पहले बिजावर स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें जिला अस्पताल भेज दिया गया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

**पीड़ित बोले आरोपियों ने गुण्डागर्दी की हद कर दी :** एक युवक की मौत और चार लोगों के घायल होने के बाद इस पक्ष के पीड़ित लोग बिजावर में ही धरने पर बैठ गए। इन लोगों ने आरोप लगाए हैं कि इम्तियाज एक फरारी बदमाश है। मंगू और फरीद के पास अवैध हथियार रहते हैं जिसके दम पर वे क्षेत्र में गुण्डागर्दी करते हैं। पुलिस भी इनके विरूद्ध शिकायतें दिए जाने के बाद भी कार्यवाही नहीं करती। इन लोगों ने तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की और लगभग आधे घंटे तक चौराहे पर धरना देकर बैठे रहे। धरने की जानकारी लगने के बाद पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया तब जाकर यह जाम खुली सका।

#### इनका कहना है

दोनों पक्षों में पुराने विवाद के चलते हत्या की वारदात घटित हुई है। पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाने के लिए मौके पर बल तैनात कर दिया है। घटना के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**अमित सांघी,** एसपी, छतरपुर

# पत्नी को गायब करने के शक पर ससुर की हत्या



- दामाद और 2 आरोपी गिरफ्तार , 2 फरार



**छतरपुर, देशबन्धु।** विगत 28 जुलाई को शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नौगांव रोड टिकरया टावर के समीप हुई एक अधेड़ व्यक्ति की हत्या का खुलासा हो गया है। पुलिस ने दो दिन की गहन छानबीन के बाद सोमवार को घटना का खुलासा कर दिया है। बताया गया है कि अधेड़ की हत्या उसके ही दामाद ने अपने साथियों के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने दामाद सहित दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है तथा दो फरार आरोपियों की तलाश अभी जारी है।

**यह है मामला :** उल्लेखनीय है कि 28 जुलाई की शाम को रीजेंसी होटल के पीछे टिकरया टावर के पास रहने वाले पूर्व बस कंडेक्टर जगदीश प्रसाद गौतम पुत्र भरत प्रसाद गौतम उम्र 52 वर्ष की रक्तरंजित लाश उसी के घर के बाहर पड़ी मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस के तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे थे और साक्ष्य एकत्रित कर तत्काल मामले की जांच शुरू की गई थी। मृतक के पुत्र निशांत गौतम की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 302 का अपराध पंजीबद्ध किया था। । विवेचना के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मृतक की हत्या उसके दामाद के द्वारा की गई है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस ने मृतक के दामाद को हिरासत में लिया और पूछताछ में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या करना कबूल कर लिया।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी दामाद मनीष उर्फ भोलू विश्वकर्मा निवासी सौंरा पहाड़ी ने बताया कि वर्ष 2018 में उसने मृतक की पुत्री से प्रेम विवाह किया था। 23 जून से उसकी पत्नी और बेटी गायब है, जिसकी रिपोर्ट उसने कोतवाली थाने में की थी। आरोपी दामाद को संदेह था कि उसकी पत्नी और बच्ची को उसके ससुर द्वारा कहीं भेजा गया है। इसी के चलते 28 जुलाई को आरोपी धारदार हथियार लेकर अपने दो साथी अमन गुप्ता और वीरू अहिरवार के साथ जगदीश गौतम के पास पहुंचा और विवाद के बाद उसने जगदीश प्रसाद गौतम की हत्या कर दी। हत्या के बाद तीनों आरोपी हरिश्याम कालोनी नौगांव रोड पर रहने वाले आरोपी अमन के चाचा सुनील गुप्ता के घर गए जहां उन्होंने हत्या में प्रयुक्त हथियार छिपाए और कपड़े बदलकर यहां से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी दामाद मनीष के अलावा सुनील गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त की गई धारदार चाकू, एक बाईक और रक्तरंजित कपड़े भी बरामद कर लिए हैं। आरोपी अमन और वीरू अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

# गांव तक नहीं सड़क, प्रसव वेदना पर चारपाई पर ले गए अस्पताल



**बकस्वाहा, देशबन्धु।** बड़ामलहरा विधायक द्वारा भले ही यह दावा किया जा रहा हो कि उनकी विधानसभा में प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों से अधिक विकास हुआ है लेकिन हकीकत इसके विपरीत है। उनके दावों की पोल खोलने वाले एक वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें बकस्वाहा ब्लॉक की ग्राम पंचायत मझौरा के ग्राम दरदोनिया के ग्रामीण प्रसव वेदना से तड़प रही एक महिला को मार्ग के अभाव में करीब दो किलोमीटर तक चारपाई पर लिटाकर ले गए। बताया गया है कि मुख्य मार्ग से गांव तक का पहुंच मार्ग बारिश के कारण दलदल में तब्दील हो गया है जिसके चलते एंबुलेंस गांव तक नहीं जा पाती है और आकस्मिक परिस्थिति में लोगों को स्वयं की व्यवस्था बनानी पड़ती है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक दरदोनिया निवासी मिलन यादव की पत्नी नंदिनी गर्भवती है और उसे सोमवार को प्रसव वेदना हो रही थी, जिसके चलते परिजनों ने एंबुलेंस को फोन लगाया था। एंबुलेंस मुख्य मार्ग तक तो आई लेकिन मुख्य मार्ग से गांव तक जाने वाली सडक़ पर दलदल होने के कारण एंबुलेंस यहां से आगे नहीं जा सकी। इसके बाद नंदिनी के परिजन उसे चारपाई पर लिटाकर कीचड़ में संघर्ष करते हुए दो किलोमीटर की दूरी तय कर उसे मुख्य मार्ग तक लाए। इसके बाद नंदिनी को एंबुलेंस से बकस्वाहा के अस्पताल ले जाया गया। गनीमत रही कि रास्ते में प्रसव नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि सडक़ की समस्या से वे लंबे समय से परेशान हैं। जनप्रतिनिधियों को अपनी समस्या बताकर इसका निदान कराने की मांग भी कर चुके हैं लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। उल्लेखनीय है बकस्वाहा क्षेत्र में यह पहली घटना नहीं है जब विधायक के दावों की पोल खुली हो। अभी कुछ दिन पहले ही बकस्वाहा मुख्यालय से एक मामला सामने आया था जिसमें एक महिला अपने पति को हाथठेला पर लिटाकर अस्पताल पहुंची थी और उसकी मौत होने के बाद हाथठेला से ही उसका शव वापिस लेकर गई थी। कुलमिलाकर बकस्वाहा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में सडक़, स्वास्थ्य और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए आज भी लोग जद्दोजहद कर रहे हैं।

#### इनका कहना है

दरदोनिया गांव सहित बक्सवाहा विकासखंड में ऐसे कई वन ग्राम हैं जिन्हें अभी मुख्य सडक़ से नहीं जोड़ा जा सका है। वन विभाग ने तो इसके लिए अनुमति दे दी है, अब जैसे ही भोपाल से अनुमति मिलेगी वैसे ही इन वन ग्रामों को मुख्य सडक़ से जोडने का काम किया जाएगा।

**प्रद्युम्न सिंह लोधी,** विधायक, बड़ामलहरा

### कांग्रेस ने वचन पत्र की दी जानकारी

**छतरपुर, देशबन्धु।** पिछले दिनों कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ द्वारा प्रदेश के किसानों के लिए की गई 5 बड़ी घोषणाओं की विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य से सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस जिलाध्यक्ष लखन पटेल ने पत्रकारों से रूबरू हो घोषणाओं की बिन्दुवार जानकारी दी गई। इस मौके पर कांग्रेस के जिला प्रवक्ता संतोष तिवारी, संगठन मंत्री सूर्यप्रताप सिंह बुंदेला, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष लोकेन्द्र वर्मा, राजू प्रजापति से सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष लखन लाल पटेल ने कहा कि प्रदेश के किसानों के हितों में ध्यान में रखते हुए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने 5 बड़ी घोषणाएं की हैं जिसके मुताबिक प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर मध्यप्रदेश के सभी किसानों का पुराना बकाया बिजली माफ किया जाएगा, 5 हॉर्स पावर के सिंचाई पंप (स्थायी/अस्थायी) के लिए फ्री बिजली दी जाएगी, किसानों को 12 घंटे निर्बाध बिजली दी जाएगी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि आंदोलन के दौरान शिवराज सरकार द्वारा किसानों पर दर्ज किए गए मुकदमों को कांग्रेस की सरकार वापिस लेगी और किसानों का कर्ज माफ भी किया जाएगा।

### सिलेंडर मे लगी आग, महिला झुलसी

**हरपालपुर, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के लहदरा गॉव में खाना बनाते समय गैस लीक होने पर गैस सिलेंडर में आग लगने से गृहस्थी का सामान सहित कच्चा मकान जल गया। आग की चपेट में आने से एक महिला भी झुलस गई। गांव वालों की मदद से आग पर काबू पाया गया।



जानकारी के अनुसार लहदरा गांव निवासी उत्तम सिंह की पत्नी विनीता सुबह 9 बजे के लगभग गैस पर खाना बना रही थी तभी गैस लीक होने पर गैस सिलेंडर में आग गई। आग ने इतना विकराल रूप ले लिया कि आग की लपटों की चपेट में कच्चा मकान आ गया। आग लगने की सूचना ग्रामीणों को मिलने पर मौके पर कुलवंत सिंह तोमर सहायक सचिव ने मौके पर पहुँचकर सूझ बूझ से काम लिया और पहले बच्चों को घर से बाहर किया और आग लगे सिलेंडर पर बालू डलवा कर सिलेंडर की आग बुझाकर उसे घर के बाहर फेंका गया साथ ही ग्रामीणों द्वारा मोटर पंप चलाकर पानी की बौछार से घर में लगी आग पर काबू पाया गया लेकिन जब तक आग बुझाई जाती तब तक घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचे पटवारी द्वारा पंचनामा बना कर आग से हुये नुकसान का आंकलन किया गया। आग से लगभग एक लाख रूपए से अधिक का सामान जल गया। वहीं आग की चपेट में आने से विनीता 32 वर्ष का एक हाथ बुरी तरह झुलझ गया जिसे ईलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग बुझाने में गांव के राजेंद्र सिंह, शिशुपाल सिंह, त्रिलोक सिंह, दिग्विजय सिंह, राजेश यादव, राहुल सिंह, सौरभ सिंह, रघुवीर यादव, भोले राजा, सहित ग्रामीणों ने मदद की।

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन 5 को

# कलेक्टर, एसपी ने किया हेलीपैड एवं रोड शो मार्ग का निरीक्षण



**नौगांव, देशबन्धु।** जिला कलेक्टर संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने सोमवार की शाम नौगांव जनपद पंचायत में जिला एवं नौगांव के आला अधिकारियों सहित भाजपा नेताओं के साथ सीएम के 5 अगस्त के प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में बैठक ली। बैठक के बाद कलेक्टर, एसपी सहित अधिकारियों ने हेलीपेड सहित रोड शो मार्ग का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नौगांव में प्रस्तावित रोड शो एवं आयोजित सभा को लेकर संशय खत्म हो गया है। सीएम अब चार की बजाय 5 अगस्त को नौगांव में शाम चार बजे सरकार की विकास यात्रा को लेकर रोड शो एवं सभा को संबोधित करेंगें।

आगामी विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने एवं उन्हें बताने के उद्देश्य से विकास यात्रा निकाल रहे हैं। जिसके तहत नौगांव शहर में पहले 4 अगस्त को सीएम के रोड शो एवं सभा को लेकर कार्यक्रम जारी हुआ था। जिसमें सीएम शिवराज सिंह टीकमगढ़ जिले के कार्यक्रम के बाद नौगांव का कार्यक्रम जारी हुआ था। लेकिन अब सीएम का कार्यक्रम बदलाव के बाद 4 के बजाय 5 अगस्त को तय हुआ है। इसी प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला कलेक्टर संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक अमित सांघी, एडीएम नमः शिवाय अरजरिया सहित जिले के अन्य अधिकारी नौगांव पहुंचे। कलेक्टर संदीप जीआर एवं पुलिस अधीक्षक ने जिले के अधिकारियों सहित नौगांव ब्लॉक के पुलिस एवं प्रशासन सहित अधिकांश विभाग के अधिकारियों के साथ साथ भाजपा के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। चर्चा के दौरान कलेक्टर संदीप जी आर ने अधिकारियों को भाजपा नेताओं से मिलकर रोड शो का रूट चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए। तो वहीं कार्यक्रम के संबंध में अन्य सभी विषयों पर दिशा निर्देश दिए। बैठक में तहसीलदार संदीप कुमार तिवारी, पूर्व विधायक पुष्पेंद्र नाथ पाठक, एसडीओपी चंचलेश मरकाम, लोक निर्माण विभाग एसडीओ राजेश सिंह पायक, उपयंत्री रामदत्त मिश्रा,नपा अध्यक्ष अनूप तिवारी, मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सोनकिया, सूरज देव मिश्र, रवि रिछारिया, राकेश पाठक, अंजुल सक्सेना, थाना प्रभारी दीपक यादव सहित पुलिस,प्रशासन के साथ भाजपा के नेता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

बैठक के बाद कलेक्टर संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने मुख्यमंत्री के हवाई मार्ग से आने पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास स्थित हेलीपैड का निरीक्षण किया। हेलीपेड निरीक्षण के दौरान कलेक्टर संदीप जीआर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को हेलीपैड की व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ बेरिकेटिंग करवाने के निर्देश दिए।

### मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया

**हरपालपुर, देशबन्धु।** श्रीकृष्णा विश्वविद्यालय के द्वारा मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह के तीसरे चरण का आयोजन हरपालपुर के कृषि उपज मंडी प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ.अवध किशोर जडियृ रहे जबकिविशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ.ब्रजेंद्र सिंह गौतम रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ.पुष्पेन्द्र सिंह गौतम ने की।

कार्यक्रम में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा-2023 की बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत 60 प्रतिशत और उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले पंजीकृत 2800 विद्यार्थियों को शील्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। डॉ.बृजेन्द्र सिंह गौतम ने कहा कि समाज के स्तर को बेहतर बनाने में शिक्षा की महती भूमिका होती है। क्योंकि एक शिक्षित व्यक्ति ही एक मजबूत और सशक्त समाज का निर्माण करता है। जब हम प्रतिभा का सम्मान करते हैं तो निश्चित ही हम देश के स्वर्णिम भविष्य का स्वागत करते है।

### बुन्देली संस्कार गीत की प्रस्तुति दी

**खजुराहो, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा खजुराहो में स्थापित किए गए आदिवर्त जनजातीय लोककला राज्य संग्रहालय में प्रत्येक रविवार को नृत्य, नाट्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित समारोह देशज का आयोजन किया जाता है। विगत रविवार यानि की 30 जुलाई को पन्नालाल रैकवार एवं साथी कलाकारों द्वारा बुन्देली संस्कार गीत की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन एवं कलाकारों के स्वागत से की गई। कलाकारों का स्वागत सतीश वर्मा तहसीलदार एवं नारायण सिंह नायब तहसीलदार राजनगर द्वारा किया गया। गतिविधि का संचालन डॉ मुराद अली ने किया। तदुपरांत पन्नालाल रैकवार एवं साथियों द्वारा बुन्देली संस्कार गीत से की गई। कलाकारों ने प्रस्तुती में, घुस गयो अकउआ की पोल में, (शिवभजन) जटाशंकर से दानी को, (शिवभजन) सखी सोचत हो दिन में, धन्य धरा बुन्देलखण्ड की, शुभ दिन आने लगे सावन के, खजुराहो तपोभूमि न्यारी आदि बुन्देली संस्कार गीतों की प्रस्तुती दी। प्रस्तुति के दौरान पन्नालाल रैकवार के साथ दुर्जन पटेल, बदली कुशवाहा, रामप्रकाश पटेल, अरविन्द पाल, मैयादीन रैकवार, सत्यम राजा, जीतेन्द्र राजा हर्ष राय, मातादीन रैकवार आदि कलाकारों ने संगत दी।

*कलेक्टर एवं विजन आईएएस ने प्रतिभागियों को दिया मार्गदर्शन*

# हर क्षेत्र में सफल होने के लिए आत्मविश्वास जरूरी : कलेक्टर



***छतरपुर, देशबन्धु।*** *यूपीएससी सिविल सेवा की तैयारी हो या जीवन का कोई भी क्षेत्र, यदि हम सफलता प्राप्त करना चाहते हैं तो आत्मविश्वास के साथ-साथ बेहतर कौशल क्षमता, भावनात्मक समझ एवं उचित मार्गदर्शन का होना अत्यंत आवश्यक है। यह बात कलेक्टर संदीप जी.आर. ने विजन आईएएस के सहयोग से आयोजित कैरियर मार्गदर्शन एवं सम्मान समारोह में यूपीएससी सिविल सेवा की तैयारी करने वाले प्रतिभागियों के समक्ष कही। गई। यह कार्यक्रम प्रयत्न पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया जोकि जिला प्रशासन छतरपुर के सहयोग से विज़न आईएएस द्वारा संचालित एक सीएसआर पहल है।*

*खजुराहो के एक होटल में आयोजित समारोह में ओड़िशा लोक सेवा आयोग के भूतपूर्व चेयरमैन एल सी पटनायक, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की कुलपति शुभा तिवारी, सिविल सेवक आईआरपीएस अंजली बिरला एवं विजन आईएएस संस्थान की निदेशक दीपाली दत्त चतुर्वेदी ने अपने अनुभव साझा किये।*

*एल सी पटनायक ने सशस्त्र बल में कार्य अनुभव को साझा करते हुए आत्मविश्वास के महत्व एवं आत्मसंदेह निवारण में भूमिका पर विचार व्यक्त किये। प्रोफेसर शुभा तिवारी ने एक अच्छा श्रोता होने के साथ साथ भावनात्मक समझ और बुद्धिमत्ता के महत्व को रेखांकित किया एवं सॉफ्ट स्किल्स विकसित करने पर बल दिया। विजन आईएएस संस्था की निदेशक ने सभी अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि सोशल मीडिया और शोर्टरील्स के दौर में, छात्र अक्सर इस परीक्षा के लिए समन्वित और गहरी अध्ययन योजना बनाने में संघर्ष करते हैं और उनकी तैयारी खंडित हो जाती है। इस समस्या का समाधान करने के लिए, उन छात्रों को जो इस प्रक्रिया में चयनित नहीं हो पाये हैं, उन्हें एक मुफ्त प्री-फाउंडेशन कोर्स मुहैया कराया जाएगा जो उन्हें मानकीकृत और मार्गदर्शित तैयारी प्रदान करेगा, जिससे उनके अध्ययन का एक सुगम दृष्टिकोण सुनिश्चित होगा।*

*विगत बार हुई प्रयत्न परीक्षा में चयनित हुए शैलेंद्र भाट ने छतरपुर में विज़न आईएएस संस्थान की सेवाओं का लाभ उठाकर, अपने पहले प्रयास में यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है।*

*यह कार्यक्रम उन प्रतिभाशाली उम्मीदवारों पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करता है, जो संसाधनों के आभाव में बड़े शहरों मे ना जा पाने के कारण गुणवत्ता शिक्षा से वंचित रह जाते हैं।*

सागर, मंगलवार 1 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## मानव तस्करी पर चिंताजनक रिपोर्ट

मानव तस्करी निषेध दिवस पर वर्ष 2016 से 2022 तक की जारी रिपोर्ट न केवल चिंताजनक है वरन वह विकास की पोल खोलती हुई भी नज़र आती है। यह रिपोर्ट रविवार को नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा उन्हीं के नाम से स्थापित चिल्ड्रेंस फाउंडेशन एवं एनजीओ गेम्स 24 गुणा 7 की ओर से जारी की गयी। इसे 'चाइल्ड ट्रेफिकिंग इन इंडिया: इनसाइट्स फ्रॉम सिचुएशनल डाटा एनालिसिस एंड दी नीड फॉर टेक ड्रिवन इंटरवेंशन स्ट्रेटेजी' के नाम से प्रकाशित किया गया है। इसमें 2016-22 के दौरान हुई मानव तस्करी के विस्तृत आंकड़े व विवरण तो दिये ही गये हैं, इस अपराध की रोकथाम के उपाय भी सुझाए गये हैं। आवश्यकता इस बात की है कि मानव तस्करी रोकने के लिये सम्बन्धित कानूनों का कड़ाई से पालन करने के साथ उन सामाजिक परिस्थितियों को समाप्त किया जाए जो इस समस्या के मूल में हैं। वैसे इस रिपोर्ट के अनुसार कोरोना के बाद मानव तस्करी में बेतहाशा इज़ाफ़ा दर्ज हुआ है, विशेषकर बच्चों की तस्करी के मामले में।

देश के 21 राज्यों और 262 जिलों में किये गये सर्वेक्षणों के आधार पर तैयार रिपोर्ट में ऐसे अनेक चिंताजनक खुलासे हुए हैं जिन पर सरकार को तत्काल संज्ञान लेने तथा समग्र समाज को इस समस्या से मुक्ति पाने के लिये कमर कसने की ज़रूरत है। इसमें बताया गया है कि उपरोक्त बतलाई गयी अवधि में ज्यादातर बच्चों की ही तस्करी हुई है लेकिन महामारी के पश्चात ऐसे मामलों में 68 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह साबित करता है कि बच्चे और उनके परिवार घोर गरीबी व भुखमरी के शिकार हुए हैं तभी उनके बच्चों को उनकी मर्जी से अथवा बिना सहमति या मर्जी के उनके गृह नगर, गांव या कस्बों को छोड़कर अन्य शहरों का रुख करना पड़ा। जाहिर है कि बड़े पैमाने पर बच्चों को उनके जीवन जीने और शिक्षा के अधिकार से वंचित होना पड़ा है।

रिपोर्ट बतलाती है कि 13 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के 15 फीसदी से अधिक बच्चे विभिन्न तरह की दुकानों, ढाबों एवं उद्योगों में काम करते हैं, तो वहीं 13 फीसदी कपड़े की दुकानों से आजीविका प्राप्त करते हैं। 11 फीसदी से ज्यादा बच्चे खुदरा दुकानों में काम करते हुए गुजारा कर रहे हैं। उपरोक्त उल्लेखित अवधि यानी 2016-22 के दौरान जिन बच्चों की तस्करी की गयी उनमें 13 फीसदी 9 से 12 वर्ष और 2 फीसदी 9 साल से कम उम्र के हैं। फाउंडेशन व सहयोगी संगठनों ने 13500 से ज्यादा बच्चों को उनके कामों (दुकानें, ढाबे, उद्योग) से छुड़ाया। जिन बच्चों को मुक्त कराया उनमें से 80 प्रतिशत 18 वर्ष से कम आयु के हैं जो यह बतलाने के लिये काफी है कि देश में बाल श्रम कानूनों का जमकर उल्लंघन हो रहा है। कुछ खतरनाक उद्योगों में भी काम करते हुए बच्चे मिले जिन्हें छुड़ाया गया। उत्तर प्रदेश, बिहार और आंध्र प्रदेश से सर्वाधिक बच्चों की तस्करी हुई। शहरों की बात करें तो जयपुर व दिल्ली में सबसे ज्यादा ऐसे बच्चों को विभिन्न तरह के कामों के लिये पहुंचाया गया।

रिपोर्ट समाज के इस दुखद पहलू की ओर भी ध्यान दिलाती है कि कोविड-19 ने देश में जो आर्थिक तबाही लाई है, उसका सीधा असर बच्चों पर भी पड़ा है। घर में रोटी कमाने वाले की मृत्यु होने या परिवार के मुखिया के रोजगार चले जाने जैसे कारण इसके पीछे हो सकते हैं जिसके चलते बच्चों के कोमल कांधों पर उनके अपने और सम्भवत: साथ में परिवारजनों के पेट भरने की जिम्मेदारी भी आन पड़ी होगी। पारिवारिक कलह भी एक कारण हो सकता है। चाहे जिन कारणों से भी बच्चों को घर छोड़कर कच्ची आयु में रोजी-रोटी के लिये संघर्ष करना पड़ा हो, बेशक यह स्थिति सरकार व समाज दोनों के ही लिये बहुत शर्मनाक है। यह भी ध्यान रहे कि यह देश की सच्चाई का एक बहुत छोटा सा हिस्सा है। असली तस्वीर इसके मुकाबले बहुत बड़ी है। घरेलू नौकरों के रूप में या सुदूर गांवों आदि में ले जाये गये तथा वहां काम करते हुए बच्चे प्रशासन की निगाहों से बच जाते हैं। उनके लिये कानून के उल्लंघन से अधिक महत्वपूर्ण दो जून की रोटी का जुगाड़ है। बहुत से बच्चे काम खो जाने के भय व अपनी ज़रूरत के चलते प्रशासन या उन्हें छुड़ाने वाले संगठनों से स्वयं की जानकारी को छिपा जाते हैं।

यह रिपोर्ट विकास के खोखलेपन को भी उजागर करती है और अनेक विसंगतियों को सामने लाती है। एक ओर तो भारत दुनिया भर में अपनी महानता और विशाल अर्थव्यवस्था होने का दावा करता फिर रहा है, वहीं यह रिपोर्ट इस बात का साक्ष्य है कि देश का सामाजिक सुरक्षा का ढांचा बेहद ढीला-ढाला है और मानव विकास से संबंधित कार्यक्रमों को लागू करने वाली व्यवस्था एकदम से प्रभावहीन है। जिन बच्चों को कल के हिन्दुस्तान की तस्वीर कहकर महिमा मंडित किया जाता है वे छोटी-मोटी दुकानों में राशन-परचून बेचते, ढाबों व खानपान के ठेलों के पीछे जूठे बर्तन मांजते, उद्योगों में काम करते हुए या ऐसे ही किसी असंगठित क्षेत्र में मेहनत-मजदूरी करते हुए अपने वर्तमान को स्वाहा कर रहे हैं। सरकार व समाज के पास उनके हाथों में किताबें थमाने व अच्छा जीवन देने की अब न तो इच्छा है और न ही समाज इसके लिये दृढ़ संकल्पित है। इस विश्वव्यापी (खासकर तीसरी दुनिया कहलाने वाले देशों की) समस्या की गम्भीरता को देखते हुए राष्ट्रसंघ ने माना है कि 'मानव तस्करी एक संगीन अपराध है और मानवाधिकार का बड़ा उल्लंघन है।' बच्चों को उनके अधिकार लौटाये बिना समृद्ध व खुशहाल देश की कल्पना करना बेकार है।

# मणिपुर खुद जल नहीं रहा है, जलाया जा रहा है!

***विपक्षी दलों के गठबंधन के सदस्यों का दौरा मात्र दिखावा है। जब पूर्ववर्ती सरकारों के शासन में मणिपुर जलता था, तब उन लोगों ने संसद में एक भी शब्द नहीं कहा, जो अब पूर्वोत्तर राज्य का दौरा कर रहे हैं।***
**—अनुराग ठाकुर**

मोदी सरकार में युवा मामलों तथा खेलों के मंत्री, अनुराग ठाकुर का ऊपर-उद्घृत वक्तव्य, चौबीस महत्वपूर्ण विपक्षी पार्टियों के मंच—इंडिया—के इक्कीस सांसदों की टीम के मणिपुर के दो दिन के दौरे को खारिज करने की अपनी बदहवासी में, सबसे बढ़कर इसी का सबूत पेश करता है कि मोदी के डबल इंजन राज से, मणिपुर के हालात को संभालने के लिए, कम से कम किसी भी तरह के बहुपक्षीय प्रयास की उम्मीद नहीं की जा सकती है। बहरहाल, यह विनाशकारी नकारात्मकता सिर्फ राजनीतिक बहुपक्षीयता का रास्ता बंद करने तक ही सीमित नहीं है। मणिपुर में शांति तथा सद्भाव का संदेश लेकर पहुंचे विपक्षी सांसदों के दल के राजधानी इम्फाल पहुंचने के मौके पर प्रायोजित तथाकथित शांति रैली, जिसका आयोजन मणिपुर इंटिग्रिटी समन्वय समिति या कोकोमी द्वारा किया गया था, जाहिर है कि शासन के अनुमोदन से, इसका खुलेआम ऐलान कर रही थी कि इथनिक-सामाजिक बहुपक्षीयता का रास्ता, असमान्य हालात के तीन महीने पूरे होने तक भी, कसकर बंद ही रखा जाना है।

खबरों के अनुसार, इस प्रधानत: मैतेई रैली का पूरा जोर यह साबित करने पर तो था ही कि सारी समस्या, कुकी-चिन समुदाय की खड़ी की हुई थी, जिसे उत्तर-पूर्व के संदर्भ में संघ की जानी-पहचानी शब्दावली में 'अवैध घुसपैठिए' बताया जा रहा था। इससे भी खतरनाक यह कि रैली में शामिल लोगों को इन कुकी-चिन घुसपैठियों को 'उखाड़कर संघर्ष खत्म करने' यानी उखाड़ने तक यह संघर्ष जारी रखने का संकल्प दिलाया जा रहा था। इन दोनों को जोड़कर देखें तो, एक ही नतीजे पर पहुंचना होगा कि मणिपुर की त्रासदी यह नहीं है कि वह जल रहा है, उसकी असली त्रासदी यह है कि उसे जान-बूझकर जलाया जा रहा है और जलाने वालों के ही हाथों में आज सत्ता है, देश में भी और प्रदेश में भी।

मणिपुर में 3 मई से जो हो रहा है और उत्तर-पूर्व के इस अभागे राज्य में, इससे पहले भी कई मौकों पर जो कुछ होता रहा है, उसमें यही गुणात्मक अंतर है। यह आज राज में जो बैठे हुए हैं, उनकी विफलता का मामला नहीं है, जैसा कि अब तक रहता आया है। इन विफलताओं के कारण बेशक पुराने और ऐतिहासिक हैं। यह राज्य विविधताओं तथा उसने जुड़े इथनिक टकरावों का ही नहीं, असंतुलनों का भी भंडार है। सबसे बड़ा असंतुलन तो यही कि मैतेई, जो आबादी का 52 फीसद से ज्यादा हिस्सा हैं, आर्थिक व शैक्षणिक-सांस्कृतिक दृष्टि से कहीं उन्नत हैं और परंपरागत रूप से हिंदू परंपराओं के निकट रहे हैं। मुख्यत: इम्फाल घाटी में संकेंद्रित हैं मैतेई पिछले एक दशक के करीब में बढ़ते पैमाने पर अपनी पहचान हिंदू के तौर पर कराने लगे हैं। वे करीब 20 फीसद जमीनों पर काबिज हैं और मोटे तौर पर विधानसभा की साठ से चालीस सीटें उनके हिस्से में आती हैं। दूसरी ओर, कुकी-जोमी तथा अन्य आदिवासी के रूप में मान्यता-प्राप्त समुदाय, जो मुख्यत: पहाड़ी इलाकों में रहते हैं, आर्थिक व सांस्कृतिक लिहाज से कम विकसित हैं, वन्य इलाकों में रहते हैं, बड़ी संख्या में खुद को ईसाई मानते हैं और विधानसभा की साठ में से कुछ बीस सीटें ही उनके लिए आरक्षित हैं।

इस राज्य में जहां परंपरागत रूप से, विशेष रूप से सभी आदिवासी ग्रुपों के अपने सशस्त्र संगठन रहे हैं,


राजेन्द्र शर्मा

> **इस राज्य में जहां परंपरागत रूप से, विशेष रूप से सभी आदिवासी ग्रुपों के अपने सशस्त्र संगठन रहे हैं, जिनमें से अनेक से युद्धविराम जैसे समझौते के जरिए हथियार रखवा कर पिछले दशकों में एक हद तक शांति भी कायम कर ली गयी थी, मैतेई समुदाय पर केंद्रित कर आरएसएस-भाजपा द्वारा पांव फैलाए जाने ने और फिर 2018 के चुनाव के बाद से भाजपा के जोड़-तोड़ से सत्ता पर काबिज होकर राज चलाए जाने ने, रुई पर तेल छिड़कने का ही काम किया है।**

जिनमें से अनेक से युद्धविराम जैसे समझौते के जरिए हथियार रखवा कर पिछले दशकों में एक हद तक शांति भी कायम कर ली गयी थी, मैतेई समुदाय पर केंद्रित कर आरएसएस-भाजपा द्वारा पांव फैलाए जाने ने और फिर 2018 के चुनाव के बाद से भाजपा के जोड़-तोड़ से सत्ता पर काबिज होकर राज चलाए जाने ने, रुई पर तेल छिड़कने का ही काम किया है। इसी पृष्ठभूमि में अप्रैल के आखिर में आए, हाई कोर्ट के निर्देश ने, जिस पर बाद में सुप्रीम कोर्ट ने रोक भी लगा दी, मैतेई समुदाय को आदिवासी यानी अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने का एक तरह से आदेश ही देकर, माचिस दिखाने का काम किया। मैतेई समुदाय को आदिवासी दर्जा दिए जाने की इस संभावना के खिलाफ, जिसकी आशंकाओं को राज्य और केंद्र, दोनों में भाजपा सरकार की मौजूदगी और हवा ही देती थी, 3 मई को निकली आदिवासी ग्रुपों की विरोध रैली पर हमलों से जो हिंसा भड़की, उसने तेजी से राज्य में घाटी और पहाड़ी क्षेत्र के मुख्य समुदायों को, जैसे परस्पर युद्धरत राष्ट्रों में बदल दिया। चूंकि इस युद्ध की स्थिति के बीच व्यावहारिक मानों में पूरे राजतंत्र को और बहुत ही महत्वपूर्ण रूप से राज्य सरकार के तंत्र को, उसमें इथनिक आधार पर थोड़े-बहुत विभाजन के बावजूद, आम तौर पर बहुसंख्यक मैतेई समुदाय के ही साथ खड़ा माना जा रहा था। इसके ऊपर से मुख्यमंत्री द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय को ही 'विदेशी घुसपैठियों' से लेकर 'नशा कारोबारी', आतंकवादी आदि, आदि करार दिए जाने का सिलसिला जारी था। इसने मणिपुर में शासन नाम की शायद ही कोई चीज छोड़ी है। और सारी विफलताओं के बावजूद, जिनमें राजधर्म का निर्वाह करने में विफलता सबसे बड़ी है, मोदीशाही द्वारा वर्तमान मुख्यमंत्री बिरेन सिंह को संरक्षण दिए जाने ने, इस गृहयुद्ध को रुकवाने में शासन की भूमिका को एक तरह से त्याग ही दिया है।

लेकिन, मणिपुर के संकट के संदर्भ में शासन का इस तरह लापता ही हो जाना, न तो संयोग है और न ही किसी भूल-चूक का मामला है। इस गैर-हाजिरी का तीन महीने लंबा इतिहास खुद इसकी गवाही देता है। बेशक, 3-4 मई से मणिपुर जब सुलगना शुरू हुआ, मोदी राज का पूरा ध्यान कर्नाटक में चुनाव प्रचार पर था। खुद प्रधानमंत्री मोदी, उनके नंबर दो तथा देश के गृहमंत्री, अमित शाह और एक प्रकार से उनकी पूरी की पूरी सरकार ही, कर्नाटक के चुनाव प्रचार में जुटे हुए थे। लेकिन, लोगों को हैरान करते हुए, कर्नाटक का चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद भी, मई के आखिर तक मणिपुर की मोदी राज ने, केंद्रीय बलों की संख्या बढ़ाने के अलावा, कोई खोज-खबर नहीं ली। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री को वहां के घटनाक्रम पर चिंता जताना और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करना तक, मंजूर नहीं हुआ। और तो और, जब बाकायदा युद्ध के जैसे हालात से विचलित, खुद सत्ताधारी पार्टी के विधायकों समेत, पक्ष-विपक्ष, सभी ओर के राजनीतिक नेताओं ने केंद्र से सक्रिय हस्तक्षेप की मांग करने के लिए दिल्ली के दौरे किए, पर प्रधानमंत्री को अपनी ही पार्टी के विधायकों तक से बात करने का समय नहीं मिला और वह कई दिन की विदेश यात्रा पर चले गए। मई के आखिर में, गृहमंत्री अमित शाह के तीन दिन के पहले दौरे से, अगर अल्पसंख्यक समूहों को थोड़ी-बहुत कुछ उम्मीद बंधी भी होगी, तो उसे भी राज्यपाल की अध्यक्षता में एक सर्वपक्षीय समिति बनाने जैसी उनकी घोषणाओं के साथ वास्तव में जो अगंभीर सलूक हुआ, उसने जल्द ही खत्म कर दिया। उनकी अपील के बावजूद, न लूटे गए हथियार लौटाए गए और न ही हिंसक हमले रुके। उल्टे प्रदर्शनकारियों द्वारा रास्ते रोके जाने के बल पर, सैन्य बलों को ही उनके शिविरों में कैद कर के रख दिया गया।

उसके बाद गुजरे दो महीनों में हालात में कोई उल्लेखनीय बदलाव नहीं आया है। हां! कुछ कुकी महिलाओं के साथ दरिंदगी का वीडियो वाइरल होने के बाद, संसद के मौजूदा सत्र की पूर्व-संध्या पर देश भर में दौड़ी विक्षोभ तथा वितृष्णा की लहर के बाद, प्रधानमंत्री को जरूर पहली बार मणिपुर की त्रासदी पर कुछ बोलना पड़ा है। लेकिन, वह बोलना भी इतना कम था कि उसमें संबंधित घटना पर दु:ख तथा क्षोभ जताने के साथ ही प्रधानमंत्री, विशेष रूप से विपक्ष-शासित राज्यों पर ऐसी घटनाओं के लिए हमला करने की ओर मुड़ गए। दूसरी ओर, उन्होंने न तो आम तौर पर मणिपुर की त्रासदी पर कोई दु:ख या पछतावा जताया और न ही लोगों से शांति व सौहार्द्र बनाए रखने की अपील तक की। प्रधानमंत्री का उक्त बयान भी चूंकि संसद में नहीं, संसद के दरवाजे पर ही दिया गया था, विपक्ष आज तक मणिपुर के संकट पर प्रधानमंत्री के बयान और उसके बाद संसद में उस पर बहस की मांग ही कर रहा है। इस सरासर न्यायसिद्ध मांग को हठपूर्वक ठुकराने के जरिए, मोदी राज ने संसद के एक और सत्र को पहले ही दिन से ठप्प कर रखा है। दूसरी ओर, विपक्ष समेत जनमत के विशाल हिस्से की सुस्पष्ट मांग के बावजूद, मोदी राज ने बिरेन सिंह को मुख्यमंत्री पद से नहीं हटाने का एक प्रकार से ऐलान ही कर दिया है।

लेकिन, यह सिर्फ प्रधानमंत्री के जवाबदेही से इंकार करने या अहंकार का ही मामला भी नहीं है। 2002 के गुजरात के नरसंहार और 2023 के मणिपुर के खून-खराबे में इतनी सारी समानताएं, जिनमें अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को सार्वजनिक रूप से यौन हिंसा का निशाना बनाया जाना भी शामिल है, कोई संयोग से ही नही प्रकट हो गयी हैं। इनके पीछे, बहुसंख्यक समुदाय के राजनीतिक समर्थन के सांप्रदायिक सुदृढ़ीकरण की बहुत ही सोची-समझी रणनीति है। सब कुछ के बावजूद, इस अभियान के बीच से संघ-भाजपा मेइतेई समुदाय के बीच अपनी पकड़, पहले से मजबूत होने की ही उम्मीद रखते हैं। रही बाकी सब लोगों की बात, तो उन्हें शासन के डंडे से ठोक-पीटकर झुकाने में कुछ समय भले ही लग जाए, लेकिन देर-सबेर कुछ न कुछ कामयाबी भी मिल ही जाएगी। और शासन के डंडे से ठोक-पीट के लिए अल्पसंख्यकों को विदेशी या घुसपैठिया या आतंकवादी, करार दे देना ही काफी है। पूर्व-थल सेनाध्यक्ष, जनरल नरवणे ने 'मणिपुर हिंसा में विदेशी एजेंसियों के हाथ' की अटकलों को हवा देने के जरिए, इसके लिए रास्ता और साफ कर दिया है। यह गुजरात का आजमूदा फार्मूला है, जो कश्मीर में एक हद तक कामयाब आजमाइश के साथ, अब मणिपुर में आजमाया जा रहा है। मणिपुर, खुद जल नहीं है, मणिपुर जलाया जा रहा है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# मोदी सरकार का असली इरादा है कांग्रेस पर नकेल कसना

**■ अरुण श्रीवास्तव**

कोई भी गारंटी नहीं दे सकता है कि मोदी सरकार 15 सितंबर को प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक संजय कुमार मिश्र के कार्यकाल की ताजा विस्तारित अवधि समाप्त होने से ठीक पहले सुप्रीम कोर्ट के सामने दोबारा पेश नहीं होगी यह अनुरोध करने के लिए कि उनका कार्यकाल फिर से बढ़ाने की अनुमति दी जाये, इस दलील पर कि राष्ट्रीय हितों की रक्षा और संरक्षण करने और भारत को खराब छवि में दिखाने के कुछ देशों के नापाक मंसूबों को विफल करने के लिए यह आवश्यक है।

ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर-जनरल एसवी राजू ने कहा कि कुछ देश हैं जो यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स, अंतरराष्ट्रीय मनी-लॉन्ड्रिंग और अन्य वित्तीय मामलों पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था) की ग्रे सूची में आ जाये। इसके मद्देनजर मिश्रा की विशेषज्ञता की आवश्यकता थी। राजू ने कहा कि- वह उन देशों का नाम लेने से बच रहे हैं जो भारत को ग्रे सूची में डालना चाहते हैं।

राजू की बात में दम लगता है। लेकिन साथ ही यह सवाल भी उठता है कि जिस व्यक्ति का कार्यकाल पहले ही तीन बार बढ़ाया जा चुका है उसे यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी फिर क्यों सौंपी जानी चाहिए? यदि कोई इस बात से सहमत भी हो कि सभी अधिकारियों में से वह एकमात्र अधिकारी हैं जिसके पास विशेषज्ञता है, तो फिर उसे यही कार्य क्यों नहीं सौंपा गया?

> **भाजपा शासन के दौरान, राष्ट्रीय हित की ज़ोरदार घोषणाओं और राष्ट्रवाद का राग अलापना केंद्र में आ गया है। मोदी के कई आलोचक देशद्रोह के आरोप में जेल में हैं। 27 जुलाई को, मिश्र को सेवा विस्तार देने के लिए शीर्ष अदालत से अनुरोध करते समय, मोदी सरकार राष्ट्रीय हित से पीछे हटते हुए, वही कार्ड खेल रही थी।**

भाजपा शासन के दौरान, राष्ट्रीय हित की ज़ोरदार घोषणाओं और राष्ट्रवाद का राग अलापना केंद्र में आ गया है। मोदी के कई आलोचक देशद्रोह के आरोप में जेल में हैं। 27 जुलाई को, मिश्र को सेवा विस्तार देने के लिए शीर्ष अदालत से अनुरोध करते समय, मोदी सरकार राष्ट्रीय हित से पीछे हटते हुए, वही कार्ड खेल रही थी।

यदि एफएटीएफ देश की प्रतिष्ठा और छवि के लिए महत्वपूर्ण था, तो मोदी सरकार को 11 जुलाई को अपनी पूरी तर्कशक्ति इसके पीछे लगानी चाहिए थी और इस मुद्दे पर विस्तार की मांग करनी चाहिए थी, जैसा कि उसने बाद में 27 जुलाई को किया था।

एक चतुर चाल में, मोदी सरकार ने 11 जुलाई को इस मुद्दे पर आक्रामक तरीके से बहस नहीं की। उस दिन, सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा था कि इस साल एफएटीएफ द्वारा की जा रही समीक्षा के मद्देनजर और सुचारु परिवर्तन को सक्षम करने के लिए, मिश्र का कार्यकाल 31 जुलाई तक रहेगा। अगर मोदी सरकार के मुताबिक मिश्र का पद पर बने रहना वाकई जरूरी था तो उस दिन मजबूती से बहस करके कोर्ट को मनाना चाहिए था। लेकिन कोई दबाव न डालकर उसने अपने विकल्प खुले रखे।

26 दलों के विपक्षी मोर्चे इंडिया के गठन के साथ, विपक्ष पर आतंक का राज कायम करने के लिए मिश्र मोदी के लिए सबसे अच्छा दांव हैं। शीर्ष अदालत ने विस्तार की मांग के लिए मोदी सरकार से सवाल किया, उसने यह भी पूछा कि- क्या मौजूदा प्रमुख को छोड़कर पूरा विभाग 'अक्षम लोगों से भरा हुआ है' और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से जानना चाहा : 'क्या हम इसकी तस्वीर नहीं दे रहे हैं कि कोई दूसरा योग्य व्यक्ति नहीं है और पूरा विभाग अयोग्य लोगों से भरा पड़ा है?'

देश के लोग मोदी द्वारा अपने विरोधियों को आतंकित और पीड़ित करने के लिए ईडी के क्रूर उपयोग के गवाह रहे हैं, चाहे वे किसी भी क्षेत्र से संबंधित हों -राजनीति, शिक्षाविद, असैन्य समाज, या स्वतंत्र मीडिया। मूलरूप से ईडी के दुरुपयोग के उनके तरीके ने याचिकाकर्ताओं को शीर्ष अदालत का रुख करने के लिए मजबूर किया था।

मोदी सरकार के मुताबिक, मिश्र साल 2020 की शुरुआत से ही एफएटीएफ के पारस्परिक मूल्यांकन के लिए दस्तावेज तैयार करने और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में लगे हुए हैं। जाहिर है, कुछ और शीर्ष अधिकारी निश्चित रूप से उनकी सहायता कर रहे होंगे। ये अधिकारी स्वाभाविक रूप से नये ईडी बॉस की सहायता कर सकते थे। यह सामान्य अभ्यास रहा है। अदालत के आदेश का उपयोग राज्य सरकारों द्वारा शासक की पसंद के व्यक्ति को उसके सेवानिवृत्त होने के बावजूद पद पर रखने के लिए भी किया जा सकता है।

कुछ साल पहले ही पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव अलपन बंद्योपाध्याय को केंद्र सरकार ने वापस बुला लिया था और लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में प्रतिनियुक्त कर दिया था। चक्रवात के प्रभाव पर नरेंद्र मोदी के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ देर से पहुंचने के लिए उन्हें दंडित किया गया था। नवीनतम आदेश के अनुसार, कोई भी मुख्यमंत्री वांछित लाभ पाने के लिए अदालत का रुख कर सकता है।

11 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने माना था कि मिश्र को नवंबर 2021 और नवंबर 2022 में दिये गये दो विस्तार अवैध थे। हालांकि, उन्हें 31 जुलाई तक पद पर बने रहने की अनुमति दी गई थी। गौरतलब है कि वरिष्ठ वकील एएम सिंघवी ने कहा कि- सरकार का आवेदन 11 जुलाई के फैसले की 'छिपे तौर पर समीक्षा' है। 'केंद्र को यह कहते हुए देखना बहुत दुखद है कि देश का भविष्य एक आदमी के कंधों पर है। यह मंत्रालय के अधिकारी, राजस्व सचिव हैं, न कि ईडी निदेशक, जो एफएटीएफ के साथ जुड़ते हैं,' सिंघवी ने कहा।

जुलाई की सुनवाई से पहले भी, शीर्ष अदालत के न्यायमूर्ति बी.आर.गवई ने एक विशेष सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर-जनरल तुषार मेहता से पूछा : 'हम जानना चाहते हैं कि क्या पूरा विभाग अक्षम लोगों से भरा है? मान लीजिए कि अगर मैं सीजेआई हूं, तो क्या अगर मैं सीजेआई के रूप में जारी नहीं रह पाऊंगा तो क्या सुप्रीम कोर्ट ढह जायेगा?' पीठ ने आश्चर्य जताया कि केंद्र फिर से विस्तार के लिए आवेदन कैसे दे सकता है!

इस स्तर पर भी, अदालत एफएटीएफ कार्य को ईडी की नियमित जिम्मेदारियों से अलग कर सकती है और सरकार को एक नया ईडी लाने का निर्देश दे सकती है और मिश्रा को एफएटीएफ कार्य पूरा करने दे सकती है। एफएटीएफ की ग्रे सूची में होने का मतलब है कि कोई देश वित्तीय अपराधों को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहा है, जिससे वैश्विक समुदाय में उसकी स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। राजू ने कहा कि- यदि विस्तार नहीं दिया गया तो इससे प्रतिष्ठा को नुकसान होगा, मनी लॉन्ड्रिंग जांच प्रभावित होगी और देश की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

यह विश्वास करना भोलापन होगा कि मिश्र अपने प्रवास के 45 दिनों के भीतर भारत की छवि को उज्ज्वल कर देंगे और कलंक को मिटा देंगे। फिर कैसा संयोग है कि जिस दिन सुप्रीम कोर्ट ने मिश्र को सेवा विस्तार दिया, उसी दिन राजस्थान में एक रैली में बोलते हुए मोदी ने कांग्रेस नेतृत्व पर नकेल कसने के अपने इरादे स्पष्ट कर दिया। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व को चेतावनी देते हुए कहा, 'कहा जाता है कि बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा की इस 'लाल डायरी' में कांग्रेस सरकार के काले कारनामों का रिकॉर्ड है। लोग कह रहे हैं कि अगर 'लाल डायरी' के पन्ने खोले जाएं तो अच्छे-अच्छे निपट जायेंगे'। मोदी ने कहा कि- दस्तावेज़ में दर्ज काले कारनामे साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार का कारण बनेंगे, उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि -लाल डायरी कांग्रेस की 'लूट की दुकान' का ताज़ा उत्पाद है, और कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार होगी। 'राजस्थान में सरकार चलाने के नाम पर, कांग्रेस ने झूठ के बाजार में लूट की दुकान स्थापित की है। इस लूट की दुकान का नवीनतम उत्पाद राजस्थान की लाल डायरी है,' मोदी ने कहा।

## गुरवाणी विचार

### घटि घटि में हरि जी औ बसे संतन कहयो पुकार

काम, क्रोध, लोभ, झूठ, निंदा-इन ते आप छड़ावहो।
इह भीतर ते इनको डारहो, आपन निकटि बुलावहो।
अपनी विधि आप जनावहो, हरि जन मंगल गावहो।
बिसर नाही कबहुं हीये ते इह विधि मन माहि पावहो।
गुरु पूरा भेटिओ वडभागी जन नानक कतहि धाहो।

गुरवाणी की यह पंक्तियां सोरठ राग से ली गई है जो गुरुग्रंथ साहिब के 617 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा पांचवें नानक अर्जुन देवजी समस्त मानवों की तरफ से प्रभु परमात्मा से प्रार्थना कर रहे हैं कि हे प्रभु काम, क्रोध, लोभ, झूठ, निंदा इत्यादि जो बेकार हैं। इन सब से मुझे छुड़ा कर अपने चरणों में ले लेवें। ये पांच विकार हमें अपने वश में करना चाहते हैं और हर वक्त हम पर हावी होते रहते हैं। इनसे पूर्णरूप से तो छुटकारा नहीं पाया जा सकता पर प्रभु कृपा हो जाने पर इन पर काबू पाया जा सकता है और यह संभव भी तभी है जब प्रभु परमात्मा की हम पर विशेष कृपा हो जाए। थोड़े-थोड़े रूप में हमें इन विकारों की भी जरूरत रहती है। अपने और अपने परिवार का उदर-पोषण करने हेतु धन की आवश्यकता होती है इसलिए लोभ और मोह थोड़ी मात्रा में जरूरी है अगर हम बिलकुल शांति से रहना चाहेंगे तो दुनिया हमें जीने नहीं देगी सांप अगर शांत रहे तो लोग पत्थर मार-मार कर अधमरा कर देंगे। इसलिए अपनी रक्षा करने हेतु उसको भी फुंफकारना पड़ता है। इसलिए हमें भी थोड़ी मात्रा में क्रोध की आवश्यकता होती है पर अधिक क्रोध अच्छा नहीं होता इसलिए प्रभु परमात्मा से प्रार्थना करते रहना चाहिए इन पांचों बटमारों को हम तभी वश में कर पाएंगे जब हम पर प्रभु परमात्मा की कृपा हो जाएगी। इसलिए हमें प्रभु परमात्मा अपना वरदहस्त रख देवें ताकि हम इनसे निजात पा लेवें।

तुम करो दया मेरे साईं,
ऐसी मति दीजै मेरे ठाकुर
सदा सदा तुझ घिआई।

प्रभु परमात्मा अपने भक्तों की स्वयं देखरेख करते रहते हैं और उन्हें प्रेरणा देते रहते हैं कि वे इस तरह साध संगत में जाकर प्रभु सिमरन में मन रमाएं।

अपने सेवक की आपे राखे आपे नाम जपावें।
जै जै कार किरत सेवक की ताहि ताहि उठ धावैं।

इस समस्त संसार की रचना प्रभु परमात्मा ने की है और रचना करने के बाद हर एक में विराजमान रहकर अपनी-अपनी गतिविधि का निरीक्षण करता रहता है। सुनार सोने के गहने बनाने तक या उसके बिकने तक ही उसमें मोह रखता है पर प्रभु अपनी रचना के अंदर हर वक्त बिराजमान रहता है।

घटि घटि में हरि जी औ बसे संतन कहयो पुकार।

इसलिए हमें चाहिए कि हम हर वक्त उस प्रभु परमात्मा की सिफत सलाह के गीत गाते रहें अर्थात उसकी सिमरन बंदगी में जुड़े रहें पर हमारे बहुत ही अच्छे भाग्य हों तभी हमारे मन की ऐसी स्थिति बन पाएगी। जब हमारे मन से मैं मैं की भावना खत्म हो जाएगी और जो किछ किया सो तूं किया। ऐसी स्थिति बन जाएगी तभी हमारा कल्याण हो पाएगा। इसी बात को भक्त कबीर दास जी इस तरह समझा रहे हैं-

कबीर मैं मैं करता तूं हुआ मुझमें रहा न मुआ।।
जब आपा पर का मिट गया जहां देखां तां तूं।।

इसलिए हमें मानव जीवन पाने का पूर्णरूप से लाभ उठाते हुए सब तरफ से ध्यान हटाकर प्रभु सिमरन में मन लगाए रखना चाहिए। अपना और अपने परिवार का उदर पोषण हेतु कार-विहार भी करना है पर मन हर वक्त प्रभु परमात्मा से जोड़े रखना है।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### अमेरिका के चुनाव की दौड़ में भारतवंशियों की शीर्ष पद पर निगहबानी

अमेरिका की राजनीति में भारतीय मूल के उम्मीदवारो की हिस्सेदारी बढ़ती जा रही है। दुनिया की महाशक्ति अमेरिका की राष्ट्रीय राजनीति में भारतवंशियों के बढ़ते प्रभुत्व से भारत की साख में वृद्धि हुई है। उपराष्टपति पद पर आरूढ़ भारतीय मूल की कमला हैरिस की साफ सुथरी छवि पर अमेरिका का भारतीयमूल के लोगोम पर बढ़ता भरोसा दुनिया में भारत की इमेज बढ़ती जा रही है। दरअसल,ब्रिटेन की सत्ता में ऋषि सुनक की राष्ट्रपति पद की दौड़ में कायमाबी मिलना भारत की साख पर चार चांद लग गया है। अमेरिका की राजनीति और सरकारी अधिकारियों की लंबी लिस्ट है। भारतीय मूल के प्रवासियों ने अमेरिका वासियों का दिल जीतने में सफलता हासिल की है,यह भारत की सफलता है। अमेरिका में 2024 में राष्ट्रपति के लिए उम्मीदवारों में तीन भारतवंशी होने का गर्व महसूस हो रहा है। बाइडन ने यहां तक कहा है कि आप भारतीय मूल के राष्ट्रपति लाइए। हम बनाने के लिए तैयार हैं। यह भारतवंशियों की साफगोई की निशानी है। आज जहां भी जाते है भारत की जयकारे सुनने को मिलते हैं। राष्ट्रपति पद के लिए तीन उम्मीदवारों में हर्षवर्धन सिंह, विवेक रामा स्वामी और निक्की हेली चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार बनाए गए है। निक्की हेली तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ रही है। एयरोपेस फार्मा उद्यमी जैसे उम्मीदवारों और महिला उम्मीदवार में से किसी एक की जीत होती है और अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के सारे रास्ते स्पष्ट होते है और कामयाबी हासिल होती है तो भारत के लिए स्वर्णयुग हो सकता है। भारत की साख में चार चांद लग सकते हैं। किसी तानाशाही शासक की हिम्मत नहीं होगी कि वे भारत को धमका सके। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले राष्ट्रपति बन चुके हैं। इस बार फिर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने जा रहे है। उनके वोट प्रतिशत में 59 फीसद है। इस दौड़ में अन्य उम्मीदवारों की आशा धुंधली बताई जा रही है। हार जीत के कोई मायने नहीं है परन्तु अमेरिका का राष्ट्रपति बनने की तमन्ना हर कोई उम्मीदवार की रहती है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

### अजयगढ़ ब्लॉक अंतर्गत निमहा का मामला

# नहीं मिली जननी एक्सप्रेस, नहर किनारे हुआ प्रसव स्वास्थ्य विभाग की खुली पोल




**पन्ना, देशबन्धु।** जिले में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते लोगों को किस प्रकार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है यह किसी से छिपा नहीं है, ताजा मामला अजयगढ़ ब्लाक अंतर्गत ग्राम निमहा का सामने आया है जहां रानी सेन पति कल्लू सेन उम्र लगभग 35 वर्ष को प्रसव पीड़ा होने पर जननी एक्सप्रेस को कॉल किया गया। लेकिन काफी इंतजार के बाद जननी एक्सप्रेस या एंबुलेंस नहीं पहुंची दर्द बढ़ता ही जा रहा था ऐसी विकट परिस्थिति में महिला का पति घर पर नहीं था, पड़ोसी युवक राम प्रकाश गुप्ता से मदद मांगने पर वह अपनी मोटरसाइकिल पर गर्भवती महिला को लेकर अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए रवाना हुआ।

इस दौरान आशा कार्यकर्ता ने भी साथ जाने से मना कर दिया और वह किसी दूसरे की मोटरसाइकिल में आगे-आगे चल पड़ी जैसे ही महिला मझगांय नहर के पास पहुंची दर्द और बढ़ गया रामप्रकाश ने बाइक सड़क किनारे रोक दी और वही नहर के किनारे महिला ने बच्चे को जन्म दिया तब तक अजयगढ़ मीटिंग में जा रही कई आशा कार्यकर्ता भी पहुंच गई। लगभग 1 घंटे तक महिला बच्चे के साथ सड़क किनारे पड़ी रही। तब कहीं 108 एंबुलेंस पहुंची और जच्चा-बच्चा को अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां दोनों स्वस्थ बताए जा रहे हैं, जच्चा बच्चा अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती है, जहां कुछ नर्सिंग ऑफिसर और कर्मचारियों के द्वारा रास्ते में प्रसव होने की बात को किसी से नहीं कहने के लिए दबाव बनाया जा रहा है और बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र एवं सहायता राशि नहीं मिलने की धमकी दी जा रही है। इस प्रकार स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से आए दिन लोगों की जान मुश्किलों में देखी जा रही है।

## हरजिंदर सिंह होगे पन्ना के नये कलेक्टर, संजय मिश्रा अपर सचिव बने



**पन्ना, देशबन्धु।** मप्र सरकार द्वारा बीती देर रात्रि 18 आईएएस अधिकारियों की तबादला सूची को जारी कर दिया गया है। करीब तीन साल का समय बिताने के बाद पन्ना कलेक्टर संजय कुमार मिश्रा को मप्र शासन में उप सचिव बनाया गया है। अब पन्ना के नए कलेक्टर हरजिंदर सिंह होंगे। जो 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। हरजिंदर सिंह मप्र सरकार में मप्र कौशल विकास परियोजना में निदेशक का कार्यभार संभालते रहे है, लेकिन अब जिले की कमान सरकार ने उन्हें सौंपी गई है।

**चर्चाओ में रहे संजय कुमार मिश्रा**- पन्ना कलेक्टर संजय कुमार मिश्रा अपने कार्यकाल में काफी चर्चाओं में रहे हैं। नगरीय निकाय चुनाव व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी उनके ऊपर सत्तापक्ष का समर्थन करने के गंभीर आरोप लगाए गए थे। पन्ना नगर पालिका में अध्यक्ष पद का चुनाव भी विवादों में रहा है। इसमें कलेक्टर का नाम काफी ज्यादा सुर्खियों में रहा है। गुनोर जनपद में जनपद उपाध्यक्ष का चुनाव भी विवादो में रहा है। इसमें पन्ना कलेक्टर संजय कुमार मिश्रा को हाईकोर्ट जबलपुर ने कड़ी टिप्पणी भी की थी।

## हीरा खदान में मिला 35 लाख का 8.01 कैरेट का हीरा



### दंपत्ति को पहले भी मिल चुके हैं 11 हीरे

पन्ना, देशबन्धु। जिले की रत्नगर्भा धरती ने कई को रंक से राजा बना दिया है। नोएडा निवासी मीणा सिंह पति राणा प्रताप सिंह को 8.01 कैरेट का हीरा मिला है। इसकी अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपए बताई जा रही है। इसके पहले भी दंपती को 11 हीरे मिल चुके जो हीरा कार्यालय में जमा किए थे। नोएडा उप्र के निवासी राणा प्रताप सिंह ने 2021 में पन्ना आकर हीरा खदान लगाई। इसके बाद उन्हें एक के बाद एक अब तक 11 हीरे मिल चुके हैं। अब उन्हें 8.01 कैरेट का उज्ज्वल किस्म का हीरा मिला। इसे आगामी नीलामी में रखा जाएगा।

## जनपद पंचायत में लाखों की ट्राईसिकल खा रही जंग




**पन्ना, देशबन्धु।** भारत सरकार एवं मप्र सरकार द्वारा दिव्यांगो के लिये अनेक उपकरण वितरण करने के लिये शासन द्वारा भेजे जाते है जो उन्हे नि:शुल्क उपलब्ध कराये जाते है लेकिन जिले के अधिकारी गैर जिम्मेदार एवं उदासीन है। पन्ना जनपद पंचायत मुख्यालय में सैकडो की संख्या में व्हील चेयर पेड के नीचे महीनो से पडी हुई है जो जंग खाकर सैकड़ों ट्राई साइकिलें कबाड़ में तब्दील हो रही है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही से लाखों रुपए की जो साइकिल गरीब दिव्यांगों को वितरित होनी थी वो उदासीनता के चलते वितरित नहीं हो रही। दिव्यांगों का कल्याण सरकार की प्राथमिकता में भले हो, लेकिन जिम्मेदार उनके कल्याण से ज्यादा कबाड़ को महत्त्व देते नजर आ रहे है सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से प्रत्येक जनपद पंचायतों मे भेजकर वितरण करने के लिये दिये जाते है जिससे गरीब बेसहारा दिव्यांगजनो को असानी से मिल सके जिसमें ट्राईसाइकिल वील चेयर कानो की मशीन बेट्री से चलने वाली साईकिल आदि उपलब्ध कराई जाती है।

## प्रेमचंद का कथा साहित्य मनुष्य को मनुष्य बनाने के लिए काफी है : त्रिपाठी




**सागर, देशबन्धु।** प्रगतिशील लेखक संघ सागर इकाई के द्वारा मुंशी प्रेमचंद की जन्म जयंती के अवसर पर फुसकेले निवास पर संपन्न हुई गोष्ठी में प्रगतिशील लेखक संघ सागर इकाई के अध्यक्ष टीकाराम त्रिपाठी ने उद्बोधन देते हुए कहा कि प्रेमचंद का कथा साहित्य मनुष्य को मनुष्य बनाने के लिए काफी है। प्रेमचंद यथार्थ के बहुत नजदीक रहे है। उनका साहित्य आज भी प्रेरणा देता है। साहित्यकार पीआर मलैया ने कहा प्रेमचंद साहित्य के वह नक्षत्र हैं जिन्हें विस्मृत नहीं किया जा सकता। उन्होंने समाज के हर पक्ष पर कलम चलाई। डॉ. गजाधर सागर ने कहा प्रेमचंद ने देखी हुई बातों को अपने साहित्य में लिखा है। वरिष्ठ साहित्यकार लक्ष्मी नारायण चौरसिया ने कहा प्रेमचंद का साहित्य अमर साहित्य है। उन्होंने अपने उपन्यासों में सभी वर्गों के पात्र एवं विचारधाराओं को लिया है। इकाई के महासचिव पैट्रिस फुसकेले ने कहा कि प्रेमचंद के साहित्य को सभी को पढ़ना चाहिए और मनन करना चाहिए। गोष्ठी का संचालन सतीश पांडे के द्वारा किया गया।

## चालीहा में युवतियों ने हथेली पर सजाई मेहंदी



**सागर, देशबन्धु।** सिंधी कॉलोनी में चल रहे भगवान झूलेलाल चालिहा में मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता हुई जिसमे 35 युवतियों ने भाग लिया सभी एक दूसरे की मेहंदी देखकर प्रसन्न हो रही थी, शाम 4 से 6 बजे तक हथेली पर मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता हुई। मेहंदी पुरस्कार वितरण रात्रि 9 बजे चालिहा हाल में हुआ।


### नाम परिवर्तन सूचना

पूर्व में मेरा नाम MOHAMMAD KASIM था वर्तमान में मेरा नाम MOHHAMD KASHIM RAIN हो गया है। अब मुझे MOHHAMD KASHIM RAIN के नाम से ही लिखा पढ़ा व जाना जावें।

(MOHHAMD KASHIM RAIN)
NEAR SYNDI CATE BANK
KATRA BAZAR SAGAR
M.P. 470001

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पहले अभिलाष कुमार तिवारी था जो कि अब अभिलाष तिवारी हो गया है। मुझे सभी दस्तावेजों में अब नए अभिलाष तिवारी के नाम से जाना पहचाना जाए।

पुराना नाम- अभिलाष कुमार तिवारी
नया नाम- अभिलाष तिवारी
पिता- प्रकाशचंद तिवारी
पता- गली नम्बर- 4, मनोरमा कॉलोनी, सागर मध्यप्रदेश 470002


### नर्मदा जीवन दायिनी का नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप आज

**इटारसी, देशबन्धु।** नर्मदा जीवन दायिनी का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल 1 अगस्त, मंगलवार को सुबह 10:30 से दोपहर 3 बजे तक जयस्तंभ चौक इटारसी में लगाया जाएगा।


### संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी आफिस काम्पलेक्स ( बी ) ब्लाक, गौतम नगर, भोपाल-23

क्रमांक/तक/एसएमएएम/ड्रोन/2023-24/1777 भोपाल, दिनांक 28.7.2023

कृषि क्षेत्र में किसान ड्रोन को अनुदान योजना के अंतर्गत क्रय करने एवं संचालन हेतु ड्रोन पायलट लायसेंस के प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आवेदन आमंत्रित करने की सूचना

शासन द्वारा कृषि क्षेत्र में ड्रोन के उपयोग को बढावा देने का निर्णय लिया गया है। भारत सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में ड्रोन संचालन हेतु ड्रोन पायलट के वैध लायसेंस को रखने की बाध्यता रखी गई है। अत: संचालनालय द्वारा किसान ड्रोन क्रय पर अनुदान प्राप्त करने के आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। अनुदान योजना के अंतर्गत व्यक्तिगत श्रेणी के कृषक/कस्टम हायरिंग केन्द्र संचालक/कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) श्रेणियों के अंतर्गत इच्छुक कृषक/केन्द्र संचालक/संस्था दिनांक 08.08.2023 से ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल (farmer.mpdage.org) पर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन के साथ धरोहर राशि रू. 5,000/- का डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं ड्रोन पायलट के वैध लायसेंस अपलोड करना अनिवार्य होगा। लायसेंस स्वयं का अथवा उनके प्रतिनिधि का हो सकता है। डिमाण्ड ड्राफ्ट संबंधित जिले के सहायक कृषि यंत्री के नाम से बनाया जाना होगा। जिन आवेदनों के साथ धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट संलग्न नहीं पाया जाएगा वे अस्वीकार किये जावेंगे। पर्याप्त आवेदन प्राप्त होने पर आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया को स्थगित किया जा सकेगा। किसान डोन को क्रय करने पर निम्नानुसार अनुदान प्राप्त करने की पात्रता निर्धारित है:-

| क्र. | आवेदक का प्रकार | अनुदान की पात्रता |
|---|---|---|
| 1. | व्यक्तिगत श्रेणी के अंतर्गत लघु, सीमांत, महिला, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के कृषकों हेतु | यंत्र की कीमत का 50 प्रतिशत अधिकतम राशि रू. 5,00,000/- |
| 2. | व्यक्तिगत श्रेणी के अंतर्गत अन्य वर्ग के कृषकों एवं कस्टम हायरिंग केन्द्र के संचालकों हेतु | यंत्र की कीमत का 40 प्रतिशत अधिकतम राशि रू. 4,00,000/- |
| 3. | कृषक उत्पादक संगठन (एफडीओ) हेतु | यंत्र की कीमत का 75 प्रतिशत अधिकतम राशि रू. 7,50,000/- |

जिन आवेदकों अथवा उनके प्रतिनिधियों के पास ड्रोन पायलट के वैध लायसेंस नहीं हैं तथा यदि वे प्रशिक्षण प्राप्त कर इसे लेना चाहते हैं उन्हे विभागीय प्रशिक्षण केन्द्र में ड्रोन पायलट लायसेंस प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जा सकता है। प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने पर चयनित आवेदकों अथवा उनके प्रतिनिधियों को अनुदान पर किसान ड्रोन का क्रय करने की पात्रता होगी। प्रशिक्षण में भाग ले रहे आवेदक/प्रतिनिधि के लिये निर्धारित शुल्क एवं न्यूनतम अर्हताएं निम्नानुसार निर्धारित है:-

1. न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना चाहिए।
2. कक्षा 10वीं (दसवीं) उत्तीर्ण होना चाहिए।
3. संबंधित का वैध भारतीय पासपोर्ट उपलब्ध होना चाहिए।

उपरोक्त प्रशिक्षण शुल्क राशि रूपये 30,000/- जीएसटी अतिरिक्त का शुल्क नियत किया गया है। उपरोक्त शुल्क में से 50 प्रतिशत अधिकतम रूपये 15,000/- एवं जीएसटी अभ्यार्थी को वहन करना होगा तथा शेष 50 प्रतिशत राशि शासन द्वारा वहन की जाएगी। उपरोक्त आवासीय प्रशिक्षण 07 दिवसीय (5 दिवसीय डीजीसीए द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण एवं 2 दिवसीय किसान ड्रोन संचालन) है। आवास एवं भोजन की व्यवस्था निशुल्क है। जो आवेदक/प्रतिनिधि उपरोक्त प्रशिक्षण में भाग लेना चाहते हैं वे अपना ऑनलाईन आवेदन www.mpdage.org पर जाकर कौशल विकास का चयन कर अपनी जानकारी एवं अभिलेख अपलोड करें। संबंधित कौशल विकास केन्द्र के अधिकारी के द्वारा पंजीकृत आवेदक के दस्तावेजों का सत्यापन कर अभ्यार्थियों का चयन बैच की उपलब्धता के अनुसार किया जाएगा। प्रशिक्षण प्रारंभ होने के पूर्व संबंधित आवेदक को सूचित किया जाएगा। आवेदक/प्रतिनिधि को उपस्थिति के समय अपलोड किये गए अभिलेखों को मूल अभिलेखों के साथ मिलान कराना होगा यदि किसी प्रकार की विसंगति प्राप्त होती है तो संबंधित आवेदक/प्रतिनिधि को प्रशिक्षण में भाग लेने से अपात्र किया जा सकेगा।

संचालक, कृषि अभियांत्रिकी
म.प्र भोपाल

जी-17565/23


### प्रथम पृष्ठ का शेष

**पुलिस को मामला दर्ज करने....** कहा कि हमने यह कहा है कि इस मामले को मणिपुर से बाहर स्थानांतरित किया जाए। हमने कभी असम नहीं कहा। सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का कहना है कि अगर सुप्रीम कोर्ट मामले की निगरानी करेगा तो केंद्र को कोई आपत्ति नहीं है। वहीं, वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि केंद्र की स्टेटस रिपोर्ट के मुताबिक, 595 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इनमें से कितने यौन हिंसा से संबंधित हैं, और कितने आगजनी, हत्या से संबंधित हैं। इस पर कोई स्पष्टता नहीं है।

**हिंसा में शामिल लोगों का....** जीरो एफआईआर दर्ज की गई। जब कोर्ट ने संज्ञान लिया, तब कुछ हुआ। तो फिर हम कैसे भरोसा करें? ऐसी कई घटनाएं होंगी। इसलिए हम एक ऐसी एजेंसी चाहते हैं, जो मामले की जांच करने के लिए स्वतंत्र हो।

**संसद में मणिपुर में....** सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हालांकि इन सबके बावजूद प्रश्नकाल जारी रहा। इस दौरान 15 मिनट ही कार्यवाही चली और हंगामे के चलते बिड़ला ने 2 बजे तक सदन स्थगित कर दिया। 2 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर फिल्म पाइरेसी रोकने के लिए लाया गया सिनेमैटोग्राफ अमेंडमेंट बिल पास हो गया। ये बिल राज्यसभा में पहले ही पास हो गया था। इसके बाद हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस ने कहा है कि मणिपुर को लेकर सरकार का रवैया देखकर लगता है कि उसे मणिपुर शब्द से ही नफरत हो गई है इसलिए वह इस बारे में कुछ सुनना और बोलना नहीं चाहती है लेकिन इंडिया गठबंधन की मांग है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मुद्दे पर संसद में जवाब दें तथा मणिपुर के लोगों से माफी मांगे। कांग्रेस महासचिव रणदीपसिंह सुरजेवाला ने सोमवार को संसद भवन परिसर में विपक्षी दलों के नेताओं के साथ पत्रकारों से कहा कि मोदी सरकार मणिपुर से प्रतिशोध ले रही है और संसद की मर्यादाओं को कुचल रही है। मोदी सरकार को मणिपुर शब्द से ही नफरत है, इसलिए वह संसद में मणिपुर पर चर्चा से भाग रही है। उन्होंने कहा, मणिपुर में खुद भाजपा के विधायक मान रहे हैं कि वहां मुख्यमंत्री के संरक्षण में हिंसा हो रही है और ऐसी सरकार को बर्खास्त कर देना चाहिए। प्रधानमंत्री जी को मणिपुर के लोगों से माफी मांगनी चाहिए और यह चर्चा करनी चाहिए कि वह मणिपुर के जख्मों पर कैसे मरहम लगाएंगे। मोदी सरकार पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर मणिपुर को लेकर चुप बैठ गई है। वहां कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, भाई को भाई से लड़ाया जा रहा है। संविधान का शासन कुचल दिया गया है।'

**मणिपुर से लौटे प्रतिनिधि मंडल....** राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में की जिसमें विपक्ष के सभी दलों के नेता शामिल हुए।

**मणिपुर पर चर्चा से डरा....** में खोट है और चर्चा के दौरान अपने काले कारनामे खुल जाने के डर के कारण वे मणिपुर पर चर्चा करने से भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष जब चाहे, सरकार चर्चा के लिए तैयार है। सदन का बहुमत सदन चलने के पक्ष में है लेकिन कुछ दल सदन को नहीं चलने दे रहे हैं जो कि निंदनीय है।

**एक वर्ष में 1 लाख सरकारी....** निर्भर है। आप पर ही जन-कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन भी निर्भर है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सहकारिता विभाग सामाजिक सरोकार से संबंधित महत्वपूर्ण विभाग है। विभाग ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों तक वित्तीय सेवाएँ उपलब्ध कराकर लोगों के और प्रदेश के विकास में योगदान दे रहा है। श्रम विभाग श्रमिकों को काम का स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। विशेषकर असंगठित क्षेत्र में श्रमिकों का शोषण नहीं हो, इस दृष्टि से सतर्क रहना आवश्यक है। आबकारी विभाग की दोहरी जिम्मेदारी है। नशे पर नियंत्रण और अवैध शराब की बिक्री न हो, इसके लिए सदैव चौकन्ना रहना विभाग के कर्मचारियों के लिए आवश्यक है। इस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी संकल्प लें कि अवैध गतिविधियों को संचालित नहीं होने देंगे और राज्य के राजस्व को सुरक्षित रखने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। नई आबकारी नीति में अहाते बंद करने का निर्णय लेकर उसका सफल क्रियान्वयन किया गया है। नशे पर नियंत्रण के लिए लोगों की मानसिकता में सुधार और जन-जागरूकता का कार्य भी करना होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश, विकास और प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रति व्यक्ति आय जो वर्ष 2002-03 में 11 हजार रूपए हुआ करती थी, अब बढ़कर एक लाख 40 हजार रूपए हो गई है। जीएसडीपी 15 लाख करोड़ और प्रदेश का बजट 3 लाख 15 हजार करोड़ का है। सड़क, पानी, बिजली सहित संपूर्ण अधोसंरचना के क्षेत्र में बहुत सुधार हुआ है। साथ ही सामाजिक सरोकार रखने वाले विभागों में भी संवेदनशीलता के साथ गतिविधियाँ संचालित हैं।

## जिला आबकारी अधिकारी को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए मिला प्रशस्ति पत्र




**पन्ना, देशबन्धु।** जिले में आबकारी विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लगातार ए ग्रेड प्राप्त करने पर कलेक्टर पन्ना द्वारा प्रशस्ति पत्र जिला आबकारी अधिकारी भगवान सिंह परिहार को प्रदान किया गया। माह जून में सीएम हेल्पलाइन में 88 प्रतिशत अंकों से साथ ए ग्रेड प्राप्त की गयी है। गौरतलब है कि विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त अधिकतम शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराया गया है। जिला आबकारी अधिकारी भगवान सिंह परिहार द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारी आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय और हनी कृष्णा गौड़ के सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर किये प्रयासों पर बधाई दी है तथा श्री परिहार को प्रशस्ति पत्र मिलने पर जिला पंचायत सीईओ संघप्रिय, एडीएम नीलाम्बर मिश्र, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारियों ने बधाई दी।


### कार्यालय नगर पालिक निगम, सागर

क्रं./लोककर्म/न.नि./2023/35 सागर दिनांक 31/07/2023

:: ऑनलाईन निविदा सूचना::

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्ड क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_UAD_295302_1 01.08.2023 | मधुकर शाह वार्ड में नेमा जी के घर से चौबे जी के घर तक सी.सी. सड़क एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (निगम निधि ) | 03 माह 7,97,341 =00 | 2,000=00 7,974=00 | 21.08.2023 शाम 05:30 तक |
| 2. | 2023_UAD_295303_1 01.08.2023 | मधुकरशाह वार्ड में स्मार्ट प्वाइंट के पीछे मिश्रा जी मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (निगम निधि ) | 03 माह 5,79,058=00 | 2,000=00 5,791=00 | 21.08.2023 शाम 05:30 तक |
| 3. | 2023_UAD_295304_1 01.08.2023 | मोतीनगर चौराहा के पास महाकवि पद्माकर सभागार (आडिटोरियम परिसर में ) भवन निर्माण कार्य (निगम निधि ) | 03 माह 2,97,115=00 | 2,000=00 2,972=00 | 21.08.2023 शाम 05:30 तक |
| 4. | 2023_UAD_295305_1 01.08.2023 | चन्द्रशेखर वार्ड में लक्ष्मी अगरबत्ती के पीछे आर.सी.सी. नाली निर्माण कर्य (निगम निधि ) | 04 माह 9,31,377=00 | 2,000=00 9,314=00 | 21.08.2023 शाम 05:30 तक |
| 5. | 2023_UAD_295306_1 01.08.2023 | शास्त्री वार्ड में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड नाली क्रास पाईप निर्माण कार्य (निगम निधि ) | 04 माह 17,42,548=00 | 2000=00 13,069=00 | 21.08.2023 शाम 05:30 तक |
| 6. | 2023_UAD_295307_1 01.08.2023 | नरयावली नाका वार्ड में महिलाओं के लिए सार्वजनिक जिम निर्माण कार्य (निगम निधि ) | 04 माह 26,57,929=00 | 5,000=00 19,934=00 | 21.08.2023 शाम 05:30 तक |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन https://mptenders.gov.in की बेवसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री, कृते आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड खुरई जिला सागर (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक (07581) 240050, Email-eephedkhurai@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यो की निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल पर खण्ड खुरई जिला सागर में निम्नलिखित कार्यो हेतु आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | निविदा क्रमांक/ दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकास खण्ड | ग्राम का नाम | निविदा की लागत (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 17/ 26.07.23 | 2023_ PHED_ 294332_1 | राहतगढ़ | Major and Minor Repairing work of India mark II Hand pump in the Villagess of Block Rahatgarh including free services of Technician and Materials Will be provided by Department (Major HP 900 Nos. and Minor HP 180 Nos) | 10.35 | 20700/- | 2000/- | 365 दिवस | नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली |
| 2 | 18/ 26.07.23 | 2023_ PHED_ 294333_1 | जैसीनगर | Major and Minor Repairing work of India mark II Hand pump in the Villagess of Block Jaisinagar including free services of Technician and Materials Will be provided by Department (Major HP 534 Nos. and Minor HP 110 Nos) | 06.15 | 12300/- | 2000/- | 365 दिवस | -तदैव- |
| 3 | 19/ 26.07.23 | 2023_ PHED_ 294334_1 | राहतगढ़ | HIRING OF VEHICLE (Bolero/ Scorpio) FOR INSPECTION OF DEPARTMENT WORK IN THE RURAL AREAS FOR OFFICE OF A.E.P.H.E. SUB DIVISION RAHATGRH Distt. Sagar M.P. | 05.04 | 10080/- | 2000/- | 730 दिवस | -तदैव- |

आनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि : 27.07.2023 From 16.30
आनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय कर अपलोड करने की अंतिम तिथि : 04.08.2023 Upto 17.30
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि : 07.08.2023
निविदा फार्म उपरोक्त वेबसाइट पर आफ लाईन क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है।
निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शायी गयी वेबसाइट पर देखें।

जी-17563/22 कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, खुरई जिला सागर म.प्र.

## सार समाचार

### कांग्रेस नेता ने ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के भरवाए फार्म



**पलेरा, देशबन्धु।** भाजपा की अटल ज्योति योजना का हाल हर गांव में अंधेरे के रूप में बना हुआ है। भारी भरकम बिजली के बिल और महंगाई की चरम सीमा पार होने से ग्रामीण जनता का हाल बेहाल है। इसके बावजूद भी भाजपा नेताओं के द्वारा विकास के ढोल पीटे जा रहे हैं। यह बात जतारा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मैदवारा में आयोजित किए गए नारी सम्मान शिविर के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगन्नाथ अहिरवार ने कहीं।

उन्होंने उपस्थित महिलाओं से नारी सम्मान योजना के फॉर्म भरवाते हुए कहा कि आगामी समय में कांग्रेस की सरकार महिलाओं को उनका हक दिलाएगी। कांग्रेस नेता जगन्नाथ अहिरवार ने महिलाओं को बताया कि कांग्रेस की सरकार आते ही हर महिला को 1500 प्रति माह सम्मान निधि एवं रसोई गैस सिलेंडर रूपए 500 में उपलब्ध कराया जाएगा। उपस्थित महिलाओं ने नारी सम्मान निधि फॉर्म भरते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगन्नाथ अहिरवार को ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रही परेशानी से अवगत कराया। कांग्रेस नेता जगन्नाथ अहिरवार ने उन्हें भरोसा दिलाया कि ग्रामीण क्षेत्र की परेशानियों से वह भलीभांति अवगत हैं और उसका मुंहतोड़ जवाब आने वाले समय में भाजपा को मिलेगा। उन्होंने महिलाओं से कहा कि कांग्रेस परिवार जनता के साथ है। आगामी समय में कांग्रेस के मिशन 2023 को सभी मिलकर कामयाब करें। इस मौके पर अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

सरपंच-सचिव की मनमानी उजागर

# स्वीकृति से पहले करा दिया अधिकांश काम, अब कागजों में बता रहे प्रगतिरत



**अखण्ड यादव**

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले की बल्देवगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत डूडाखेरा में सरपंच और सचिव द्वारा सेक्टर प्रभारी उपयंत्री से सांठगांठ कर मनरेगा योजना अंतर्गत 4 डग पॉइंट का निर्माण करा कर राशि को ठिकाने लगाने का प्रयास किया जा रहा है। डूडाखेरा के सरपंच और सचिव द्वारा मनरेगा योजना से होने वाले निर्माण कार्यों को स्वीकृत के बाद प्रगतिरत होने से पहले ही जेसीबी मशीन से लगभग पूर्ण कर देने के बाद अधिकारियों से सांठगांठ कर निर्माण कार्यों को प्रगतिरत कराने की जुगाड़ लगाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि डूडाखेरा के खुशीपुरा मोहल्ला में मनरेगा योजना से डग पॉइंट निर्माण कार्य पुलिया के पास और डग पॉइंट निर्माण कार्य नाला के पास खुशीपुरा एवं डग पॉइंट निर्माण कार्य चंदई के पास खुशीपुरा एवं डग पॉइंट निर्माण कार्य हैंड पंप के पास मुंडीखेरा में लगभग 12 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य किया जाना है। इन निर्माण कार्यों पर एक भी मजदूर के नाम मस्टर जारी नहीं हुआ। यह निर्माण पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। शासन के नियम अनुसार इन निर्माण कार्यों को मजदूरों से कराया जाना था लेकिन सरपंच और सचिव ने इन डग पॉइंट का निर्माण कार्य को फाइलों में प्रगति रत होने से पहले ही जेसीबी मशीन से लगभग 90 परसेंट पूर्ण करा दिया गया है। जिससे मजदूरों का हक छीन गया है। ग्रामीणों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि इन डग पॉइंट का निर्माण कार्य गर्मियों में जेसीबी मशीन लगाकर कर दिया गया था। ग्राम पंचायत में होने वाली सभी निर्माण कार्यों को मशीनों से ही कराया जाता है। लोगों को मजदूरी तो केवल कागजों में दी जाती है। अधिकारियों द्वारा मनरेगा योजना अंतर्गत किए गए निर्माण कार्यों की बारीकी से जांच की जाए तो कई घोटाले सामने आ सकते हैं।

### उपयंत्री की भूमिका पर संदेह

शासन के नियम अनुसार ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना से होने वाले निर्माण कार्य को स्वीकृति के बाद प्रगति रत किया जाता है। मनरेगा पोर्टल में मजदूरों की हाजिरी दर्ज की जाती है, लेकिन सरपंच और सचिव द्वारा पहले निर्माण कार्य करा कर बाद में फाइलों को स्वीकृत कराकर शासन की राशि को ठिकाने लगाया जा रहा है और इस दौरान निरीक्षण करने के लिए जनपद पंचायत के कोई जिम्मेदार अधिकारी भी मौके पर नहीं पहुंचते हैं। जिम्मेदार अधिकारियों को शासन के नियमों की परवाह नहीं होने से ग्राम पंचायत डूडा खेरा के सरपंच और सचिव द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सेक्टर प्रभारी उपयंत्री का सरपंच और सचिव को खुला संरक्षण होने के कारण सरपंच, सचिव इन सभी नियम कायदे कानूनों की धज्जियां उड़ाते हैं और शासन की राशि में भ्रष्टाचार कर बंदरबांट किया हैं।

### इनका कहना है

अगर यह 4 डग पॉइंट निर्माण कार्य प्रगतिरत नहीं हुए हैं और यह निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं तो यह पूरी तरह नियमों के विपरीत है। इसकी जांच करवा कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**–प्रभाष राज घनघोरिया**
**जनपद सीईओ बल्देवगढ़**

## एसपी ने पुलिस अधिकारियों के बदले प्रभार, साफ-साफ दिखा राजनैतिक दखल

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी में दो दर्जन से अधिक पुलिस अधिकारियों को सोमवार के दिन इधर से उधर किया है। लंबे समय से एक ही जगह जमे अधिकारियों को अन्यत्र थाने में पदस्थापना की गई है। सोमवार की देर शाम जारी हुई इस सूची में राजनैतिक दखल साफ–साफ दिखाई दिया। जनप्रतिनिधियों के चहेतों को थानों का प्रभार दिया गया। हिमांशु भिंडिया को जतारा से बड़ागांव धसान थाना प्रभारी बनाया गया है। तो वहीं अमित साहू अब पलेरा के प्रभारी होंगे। पूर्वमंत्री हरिशंकर खटीक की खास रश्मि जैन को बम्हौरीकलां से हटाकर बुडेरा थाना का प्रभार दिया है। रामसिया चौधरी को लिधौरा से बम्हौरीकलां भेजा है। शैलेन्द्र सक्सेना अब सिटी कोतवाली में पदस्थ होंगे। जितेन्द्र यादव को मोहनगढ़ भेजा गया है। मनोज यादव एवं नन्हेसिंह की पदस्थापना जतारा में की गई। नथुवां कौल को बड़ागांव थाने भेजा है। मनोज द्विवेदी अब थाना प्रभारी के रूप में जतारा का चार्ज संभालेंगे। अंकित दुबे को चंदेरा प्रभारी का दायित्व दिया है। रघुराज सिंह को थाना लिधौरा भेजा गया है। बृजेन्द्र सिंह घोषी अब कुड़ीला थाना प्रभारी होंगे।

रविसिंह कुशवाह जतारा से अब कोतवाली में आमद देंगे। अनुजा मिश्रा थाना जतारा में पहुंची है। रिंकी कोरी को टीकमगढ़ कोतवाली लाया गया है। राजवीर यादव दिगौड़ा से कोतवाली आएंगे। नीरज लोधी अब थाना प्रभारी दिगौड़ा होंगे। जगन्नाथ भगत जतारा से बल्देवगढ़ पहुंचेगे। रामलाल कौल की पदस्थापना कुड़ीला में कर दी गई है। शहीद खान को दिगौड़ा से खरगापुर पहुंचाया गया है। मनोज पटेल की आमद थाना बुड़ेरा में होगी। रामसेवक झॉ की पदस्थापना बल्देवगढ़ की गई है। सुरेन्द्र सिंह गौड़ को पुलिस लाईन लाकर राजेन्द्र सिंह को देवरदा से थाना लिधौरा भेजा गया।

## सेवानिवृत्त व स्थानांतरित हुए कर्मचारियों का एसपी ने किया सम्मान



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** सोमवार को पुलिस विभाग में पदस्थ कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पुलिस बल में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक शिवराज सिंह घोष, आरक्षक योगेंद्र सिंह क्षत्रिय अपना सेवाकाल पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए तथा जिला इकाई में पदस्थ रक्षित निरीक्षक श्रीमती पूर्णिमा मिश्रा, निरीक्षक बृजेश कहार, निरीक्षक श्रीमती मैना पटेल, कार्यवाहक निरीक्षक नसीर फारुकी एवं कार्यवाहक निरीक्षक श्रीमती नेहा कारोलिया का अन्य जिला इकाई में स्थानांतरण होने पर सोमवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एएसपी सीताराम, एसडीओपी टीकमगढ़ सुश्री प्रिया सिंधी, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम, डीएसपी अजाक दिलीप पांडेय, जिला एफएसएल अधिकारी प्रदीप यादव, रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय, थाना प्रभारी कोतवाली मनीष कुमार सहित जिले के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सिंधिया की मूर्ति को लेकर फिर फंसा नया पचड़ा, अधिकारियों के समक्ष हुई शिकायत



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के सर्किट हाउस में लगाई जा रही स्व. माधवराव सिंधिया की प्रतिमा को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने विरोध तेज कर दिया है। लोगों का विरोध इस बात को लेकर भी है कि आखिर विश्राम गृह में प्रतिमा किसकी इजाजत से लगाई जा रही है, क्योंकि प्रतिमा लगाए जाने से पहले नगर पालिका से एनओसी नहीं ली गई। प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण के लिए शासन से मिली राशि को भी नगर पालिका ने लौटा दिया था।

दरअसल, सर्किट हाउस में लगाई गई स्व. माधवराव सिंधिया की प्रतिमा शुरुआत से ही विवादों में घिरी है। करीब 8 माह पहले अचानक प्रतिमा खड़ी कर दी गई। जब लोगों को इस बारे में पता चला तो क्षत्रिय महासभा ने इसका विरोध जताया। क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतिमा लगाने के लिए नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी दोनों विभागों ने एनओसी नहीं दी थी। बावजूद इसके नियम विरुद्ध तरीके से प्रतिमा खड़ी कर दी गई। शुरुआती विरोध के बाद मामला करीब 6 माह तक ठंडे बस्ते में रहा। अब एक बार फिर 5 अगस्त को प्रतिमा के अनावरण की तारीख तय की गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के साथ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को प्रतिमा का अनावरण करना है। जिसके चलते अधूरे निर्माण कार्य को आनन–फानन में पूरा किया जा रहा है, लेकिन कोई भी अधिकारी यह बताने को तैयार नहीं है कि आखिर निर्माण कार्य कौन करा रहा है।

शहर के विश्राम गृह में लगाई जा रही माधवराव सिंधिया की प्रतिमा के विरोध में शहर के आम नागरिकों ने आज शाम 4.30 कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध जताया और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। सर्किट हाउस में प्रतिमा लग जाने के बाद शासन से 24 लाख रुपए सौंदर्यीकरण के लिए दिए गए थे। यह राशि नगर पालिका को जारी की गई थी। नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार का कहना है कि प्रतिमा लग जाने के बाद राशि आई थी। इसलिए जिला प्रशासन को राशि लौटा दी थी। अब नहीं पता कि निर्माण कौन करा रहा है। इस मामले को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग ने भी पल्ला झाड़ लिया है। पीडब्ल्यूडी ईई इंद्र कुमार शुक्ला का कहना है कि नगर पालिका की ओर से प्रतिमा स्थल पर निर्माण कराया जा रहा होगा। इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।

## अस्थाई सफाई कामगारों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

पलेरा। स्थानीय नगर में स्वच्छता की बागडोर संभाल रहे अस्थाई सफाई कर्मचारियों ने सोमवार को एक ज्ञापन सीएमओ महादेव अवस्थी के नाम नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वर्मा को सौंपा है।

बताया गया है कि तीन दिवस में उक्त मांगों पर विचार न किए जाने की दशा में नगर के समस्त अस्थाई कर्मचारी अस्थाई हड़ताल पर जाएंगे। सीएमओ को सौंपी गई ज्ञापन में बताया गया है कि जिले की समस्त नगर परिषदों में सफाई कर्मचारियों को कलेक्टर रेट पर भुगतान किया जा रहा है, लेकिन यहां नगर की सफाई कर्मचारियों के साथ यह सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें वेतन के नाम पर 6000 फिक्स रेट दिया जा रहा है, जिसमें फिक्स रेट को हटाया जाए ताकि उन्हें अपने परिवार का पालन पोषण सुगमता के साथ कर सके। इसके साथ ही दिए जा रहे वेतनमान में ईपीएफ कटौती की जाए, ताकि सफाई कर्मचारियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। कर्मचारियों के द्वारा ऐसे तमाम बंधुओं को लेकर शिकायती आवेदन पत्र में तीन दिवस में विचार किए जाने का अनुरोध किया गया है। मांगे पूरी न होने की दशा में सफाई कर्मचारियों के द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन देने वालों में नगर परिषद के तमाम सफाई कर्मचारियों के नाम शामिल हैं।

## कवड़ियों ने हरितला सरकार मंदिर पर किया जल अर्पण



**पलेरा, देशबन्धु।** सोमवार को रामराजा सरकार की नगरी ओरछा से पलेरा आगमन पर नगर के जनप्रतिनिधियों द्वारा कावड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। स्थानीय थाना तिराहे पर कांवडियों को पुष्प माला पहनाकर जलपान कराया। इसके अलावा नगर के प्रमुख जनप्रतिनिधि कावड़ियों की यात्रा में सम्मिलित होकर नगर के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल हरितला सरकार मंदिर पहुंचे। जहां पहुंचकर भगवान को जल अर्पण किया गया। बताया गया है कि नगर मे कावड़ियों की यह यात्रा बीते गुरुवार को प्रारंभ होकर सोमवार को पुन: जल लेकर वापस हुई है। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वर्मा, अभय मोर, दिनेश विश्वकर्मा, मानसिंह राजा, राघवेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सेन, प्रवेश यादव, रामाधीन यादव, रामेश्वर सेन, अखिलेश जैन, कल्लू रजक, पियूश सेन, बृजेश सेन, नरेंद्र राजपूत, अंगद सेन, राजू सेन प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## मिष्ठान दुकानों के लगाए जा रहे फर्जी बिल, दुकानदारों ने जताई आपत्ति, सीईओ को सौंपेंगे आवेदन




**पलेरा, देशबन्धु।** स्थानीय जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाली 71 ग्राम पंचायतों में 15 अगस्त एवं 26 जनवरी राष्ट्रीय पर्व पर मिष्ठान दुकानों के फर्जी बिल लगाए जा रहे हैं। मजे की बात तो यह है कि जिन दुकानों कि यह बिल लगाए जा रहे हैं। यह दुकाने समूचे नगर क्षेत्र में कहीं है ही नहीं। स्थानीय मिष्ठान दुकानदारों ने बताया कि फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपए का गड़बड़झाला मिष्ठान के नाम पर किया जा रहा है। दुकानदारों ने बताया कि इस पूरे मामले की शिकायत फर्जी बिल दस्तावेजों के साथ सीईओ से की जाएगी। उन्होंने बताया कि ऐसे फर्जी दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही न होने की दशा में यह पूरा मामला जिला कलेक्टर के समक्ष रखा जाएगा। दुकानदारों का आरोप है कि लंबे समय से फर्जी बिल माफिया मिष्ठान दुकानदारों के हक पर डाका डाल रहे हैं। कमीशनखोरी की सांठगांठ को लेकर मिलीभगत का यह खेल ग्राम पंचायतों में लंबे समय से खेला जा रहा है।

### ग्राम पंचायतों में 20 हजार के डाले जा रहे बिल

दुकानदारों ने बताया कि जनपद क्षेत्र अंतर्गत आने वाली 71 ग्राम पंचायतों में 15 अगस्त एवं 26 जनवरी पर्व पर मिष्ठान दुकानों के बिल तकरीबन 15 से 20000 रूपए प्रति पंचायत डाले गए हैं। ग्राम पंचायतों के ऑनलाइन पोर्टल पर भी इन फर्जी बिलों को आसानी से देखा जा सकता है। दुकानदारों ने बताया कि ऐसे ही फर्जी तरीके से नगर के नामचीन फर्जी बिल माफिया फर्जी दुकानों की आड़ में लाखों का हेरफेर कर रहे हैं। इस पूरे मामले को लेकर नगर के प्रतिष्ठित मिष्ठान दुकानदारों ने कार्यवाही चाही है।

## विधानसभा के हर घर में पहुंचेगा नल से जल : गिरी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले में 16 जुलाई से 14 अगस्त तक विकास पर्व का आयोजन किया जा रहा है। विकास पर्व के दौरान जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन किया जा रहा है। इसीक्रम में विधायक राकेश गिरी के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पंचायत नारगुड़ा, नयाखेरा और अनगड़ा वार्ड नं.1 में विकास पर्व के दौरान विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक राकेश गिरी ने विकास पर्व के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नारगुड़ा में 3 लाख की लागत से रामराजा गौशाला के पास टीन शेड निर्माण और 2.10 लाख की राशि से निर्मला देवीजी के मंदिर के पास बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य का जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ विधि–विधान से भूमिपूजन किया। वहीं ग्राम पंचायत नयाखेरा में बान सुजारा नल–जल योजना के तहत नल–जल योजना का भूमि पूजन किया गया।

अब शीघ्र ही हर घर पर नल के माध्यम से जल पहुंचेगा और अंनगड़ा वार्ड नं.1 स्तिथ विंध्यवासिनी माता मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य मंदिर प्रांगण के पास सीसी रोड का विधि–विधान से भूमिपूजन किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक राकेश गिरी ने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी और हितग्राहीमूक योजनाओं की जानकारी दी। तत्पश्चात विधायक राकेश गिरी ने उपस्थित ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं उनके निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही विधायक राकेश गिरी ने कहा कि मेरे द्वारा लगातार क्षेत्र में विकास कार्य किए जा रहे हैं, मैंने क्षेत्र की तकदीर और तस्वीर बदलने का संकल्प लिया है। मैं क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ूंगा। जनता मेरी भगवान है, मैं उसका सेवक हूं। इस अवसर पर जनभागीदारी के अध्यक्ष प्रमोद खरे, रूपेश बंटी तिवारी, सरपंच कैलाश राय, उपसरपंच आशु, वरुण मिश्रा, अनिल रावत, उपसरपंच टिंकू जैन, सरपंच भूपेंद्र यादव, श्याम यादव, राजकुमार गौतम, मनीराम लोधी, रूप सिंह लोधी, बालकिशन जमीदार सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## शिवधाम में जलाभिषेक करने लगी लंबी कतारें, बम-बम भोले के जयकारों से गूंजा गगन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शिव धाम कुंडेश्वर में श्रावण मास के चौथे सोमवार को सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी है। सुबह 4 बजे ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर के पुजारियों ने विधि.विधान से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक और पूजन किया। सुबह 5 बजे मंदिर का गर्भ ग्रह श्रद्धालुओं के लिए खोला गया। भक्तों ने बम–बम भोले के जयकारे लगाकर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

सावन सोमवार के चलते ही सुबह से ही शिव धाम कुंडेश्वर में भक्तों की लंबी लंबी कतारें लगी है। मंदिर प्रबंधन की ओर से महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग–अलग व्यवस्था की गई है। गर्भ ग्रह में श्रद्धालुओं की भीड़ को रोकने के लिए पुलिस तैनात की गई है। मंदिर प्रबंधन की ओर से सीसीटीवी कैमरे की मदद से प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। मंदिर के पुजारी जमुना तिवारी महाराज ने बताया कि शाम 5 बजे तक मंदिर का गर्भ ग्रह भक्तों के लिए खुला रहा। इस दौरान श्रद्धालु जलाभिषेक और पूजन कर सकेंगे। इसके बाद गर्भ ग्रह आम भक्तों के लिए बंद कर दिया जाएगा।

मंदिर के विशेष पुजारी भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार करेंगे। शाम 7.30 बजे चांदी के आभूषणों से रजत श्रृंगार के बाद भगवान भोलेनाथ की महा आरती उतारी जाएगी। सावन के महीने में भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने दूर–दूर से कांवड़ियों का जत्था भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने शिव धाम कुंडेश्वर पहुंच रहे हैं। आज बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कांवड़िए हर–हर महादेव के जयकारे लगाते हुए पैदल चलकर कुंडेश्वर पहुंचे।

## सार समाचार

### नेत्र परीक्षण शिविर संपन्न



**दमोह/हटा देशबन्धु।** हटा अनुभाग के ग्राम रनेह में विश्वकर्मा युवा परिवार द्वारा एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन विश्वकर्मा मंदिर रनेह में किया गया। जहां चित्रकूट से पधारे डॉक्टरों द्वारा रनेह क्षेत्र के आसपास के मरीजों की आंखों की जांच कर दवाईयां उपलब्ध कराई गई, कार्यक्रम में 116 मरीजों का पंजीयन हुआ। जिसमें 23 लोगों को चित्रकूट मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए रेफर किया गया । कार्यक्रम के संयोजक जगदीश विश्वकर्मा पत्रकार हटा रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवनंदन विश्वकर्मा, लखनलाल विश्वकर्मा परमलाल विश्वकर्मा, धनीराम विश्वकर्मा, अजीत विश्वकर्मा, सोमनाथ विश्वकर्मा , अनिल विश्वकर्मा, लोकेंद्र विश्वकर्मा, भागचंद विश्वकर्मा, बाबूलाल विश्वकर्मा, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, जितेन्द्र विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, सुमित विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा ,भूपत विश्वकर्मा, सचिन गौर , नितिन साहू की उपस्थिति रही ।

### जिले में अब तक दर्ज की गई 338.8 मिमी बारिश

**दमोह देशबन्धु।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 338.8 मि.मी. अर्थात 13.3 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 72.2 मि.मी. अर्थात 2.8 इंच कम है। इसी अवधि में गत वर्ष 411 मि.मी. अर्थात 16.1 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा जबेरा में 465 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 413 मि.मी., हटा में 270.4 मि.मी., जबेरा में 465 मि.मी., पथरिया 309 मि.मी., तेंदूखेड़ा में 372.4 मि.मी., बटियागढ़ 225 मि.मी. तथा पटेरा में 317 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत बीते 24 घंटों के दौरान जिले में 2.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। वर्षामापी केन्द्र जबेरा में 4 मि.मी. एवं पथरिया में 11 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है।

### जनसमस्याओं को लेकर उदासीन है जनप्रतिनिधि

# तकनीकी शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों को लेकर गंभीर नहीं

**पथरिया/ दमोह, देशबन्धु।** लम्बे समय से विकास की बाट जोह रहे , पथरिया विधानसभा क्षेत्र में आज भी ज्वलंत समस्याएं मुंह बाए खड़ी हैं। जनप्रतिनिधियों की बेरुखी इन समस्याओं के प्रति हमेशा से देखने को मिली। चुनाव के समय तो सभी समस्याएं उभरकर सामने आ जाती है, लेकिन बाद सत्तासीन होते ही जनप्रतिनिधियों द्वारा समस्याओं से मुंह फेर लिया जाता है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी, रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाएं आज भी आमजन को सुलभ नही है। यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन कर दिया गया, लेकिन सुविधाओं की बात करती है पर हकीकत में स्थिति बदतर है। सिविल अस्पताल की वर्षों से मांग की अनदेखी की जा रही है, जनप्रतिनिधि तकनीकी शिक्षा का कोई ध्यान नही दे रहे। 5 वर्ष पहले मुख्यमंत्री के पथरिया आगमन पर घोषणा की गई घोषणाओं पर आज तक अमल नहीं, किया गया है। अनुविभागीय राजस्व पुलिस का मुख्यालय भले है पर सभी दिन में रात में जिला मुख्यालय पर निवास करते हैं आज तक अप डाउन संस्कृति पर रोक नहीं लग पाई है। यहां सब कुछ भगवान भरोसे चल रहा है बात करें रोजगार की हकीकत जानने के लिए शाम को जबलपुर निजामुद्दीन एक्सप्रेस के समय स्टेशन पर देखने को मिल जाएगी। जहां मजबूरी में ट्रेनों में जनरल डब्बे में जगह नहीं होने पर भी खड़े-खड़े परिवार के साथ जाते हैं, अगर क्षेत्र में ही रोजगार मिल जाए तो पलायन रूक जाए। रोजगार के लिए कभी कोई ठोस प्रयास सामने आए ही नहीं, जिनको रोजगार की जरूरत है उनको गांव में रोजगार नहीं मिलने से वह तो दिल्ली, नोएडा, गुड़गांव चले जाते हैं, जिससे न तो उनके बच्चे स्कूल जा पाते हैं न कुछ और कर पाते हैं। मजदूरी करना उनका भाग्य बन जाता है। जबकि यह एक गंभीर समस्या है जिस पर आज तक जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा।

अब मनरेगा की बात करें तो इस योजना में ऐसे मजदूर काम कर रहे हैं जिनको ग्राम में कभी किसी ने मजदूरी करते नहीं देखा, पर अधिकारियों व रोजगार सहायकों की मेहरबानी से उनकी मजदूरी उनके खातों में पहुंच रही हैं। ऐसा नहीं है वरिष्ठ अधिकारी इन सब बातों से अनजान हो। लेकिन वह तो बस लक्ष्य बता देते हैं, फिर योजना पर कैसे अमल हो रहा, इसकी किसे परवाह। काम जेसीबी मशीन से कराया जाता है और नाम मजदूरों का बताया जाता है।

निगरानी करने वाले अधिकारी भी आंखें मलते हुए मौके पर पहुंचते हैं। जब इनसे पूछते हैं कि कि आपके सेक्टर में मनरेगा योजना में जेसीबी मशीन चल रही है तो जबाब मिलता है आपने जानकारी दी है तो अभी दिखवातें है। मतलब ऐसे अनजान बनते हैं जैसे कोई जानकारी ही नही हो, जबकि सबको पता है मिलीभगत से ही सब काम होते हैं। जबकि उनको पहले बता दिया जाता है कि आज इस काम में मशीन चलना है पर क्या करें जैसा देश वैसा भेष वाली कहावत है कि जब सबको मिलकर जुलकर विकास में अपनी भूमिका निभाना है तो सबका साथ सबका विकास पर ध्यान देना पड़ता है, जबसे मनरेगा योजना संचालित है आज तक निचले स्तर पर किसी भी शासन प्रशासन द्वारा हकीकत के आंकड़े नही लिए गए कि वास्तविक रूप से योजना का लाभ ग्रामीणों को कितने प्रतिशत तक पहुंच रहा है।

प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना में भी मनरेगा शामिल कर दी, जिससे हितग्राहियों को जो किस्त उनके खातों में दी जा रही। वहीं पैसे हाथ में मिल पाते हैं मनरेगा की मजदूरी बहुत से हितग्राहियों को मिल ही नहीं पा रही। सही मायने में योजना का लाभ ग्रामीणों को तो नहीं मिल रहा, लेकिन मनरेगा योजना के अधिकारियों सरपंचों,सचिवों, रोजगार सहायकों के लिए वरदान साबित हो गई है। क्योंकि इनके जिम्मे योजना का संचालन करने की जिम्मेदारी शासन प्रशासन द्वारा सौंपी गई है।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा युवा मोर्चा में खासा उत्साह



**दमोह देशबन्धु।** आगामी 4 अगस्त को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के दमोह आगमन को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा दमोह के जिला अध्यक्ष भरत यादव के नेतृत्व में जिला बैठक का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय में किया गया। जिसमें युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राम पटेल एवं किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल का भी सानिध्य प्राप्त हुआ प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के दमोह आगमन को लेकर यह बैठक आयोजित की गई। जिसमें भाजपा युवा मोर्चा दमोह के जिला पदाधिकारी 22 मंडल के मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री सम्मिलित हुए। बैठक में उपस्थित युवा मोर्चा दमोह जिले की संपूर्ण टीम से जिला अध्यक्ष भरत यादव ने कहा की जिले के प्रत्येक मंडल से युवा मोर्चा की संपूर्ण टीम को अपने पदाधिकारी के साथ एवं मंडल के समस्त युवाओं को साथ लेकर आगामी 4 अगस्त को जिला मुख्यालय पर प्रदेश के मुख्यमंत्री के स्वागत हेतु उपस्थित रहना है और हम सभी को मुख्यमंत्री जी के स्वागत की एक नई मिसाल कायम करना है जिससे प्रदेश में दमोह जिले की भाजपा युवा मोर्चा टीम का नाम रोशन हो और एक नई पहचान प्राप्त हो बैठक में उपस्थित समस्त युवा मोर्चा टीम ने जिला अध्यक्ष की बात से सहमत होकर यह संकल्प लिया कि हम सभी आगामी 4 अगस्त को अपने अपने मंडल के युवाओं को लेकर मुख्यमंत्री जी के स्वागत हेतु जिला मुख्यालय पर उपस्थित होंगे और प्रदेश के मुख्यमंत्री के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे बैठक में उपस्थित युवा मोर्चा दमोह की संपूर्ण टीम मुख्यमंत्री जी के आगमन को लेकर उत्साहित नजर आई और सभी में एक नई ऊर्जा का संचार देखने को मिला।

## बीजाडोगरी के विजयपुरा में नही मिल रहा जल निगम का पानी



**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** जनपद पंचायत जबेरा पूर्व विधायक प्रताप सिंह के सुपुत्र, महिपाल सिंह( राजा भैया) ने ग्राम बराखार, अमतरा, बीजाडोगरी, विजयपुरा, गूढ़ा में जनसम्पर्क किया। ग्रामीण जन समस्या को निराकरण हेतु आश्वासन दिया। जनपद पंचायत जबेरा जन संपर्क दौरान ग्राम पंचायत बीजाडोगरी के विजयपुरा मुहल्ला में ग्रामीणों ने बताया कि हमारे मुहल्ले में जल निगम द्वारा पानी नही दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया गांव विजयपुर के सभी लोग ने जल निगम नल कनेक्शन पर्ची कटवाई हैं लेकिन पानी नहीं पहुंच ग्रामीण परेशान हैं इस संबंध में राजा भैया, ने जल निगम के अधिकारी जैन को अवगत कराया, उन्होंने आश्वासन दिया है जल्द ही हम पानी सप्लाई चालू की जाएगी। साथ मे समस्त ग्रामीण जन सहित, महिपाल सिंह (राजा भैया,) युवा कांग्रेस सोशल मीडिया, जिलाध्यक्ष भगवत सिंह लोधी गूढ़ा सरपंच प्रतिनिधि आनंद सिंह, कमलेश ठाकुर, जगदीश सिंह, सूरज सिंह, उत्तम सिंह मान सिंह टेक सिंह आकाश यादव, देवेंद्र सिंह समस्त कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही ।

## विहिप बजरंगदल ने की महाआरती

दमोह देशबन्धु । सावन के चौथे सोमवार के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा स्थानीय बस स्टैंड पर स्थित पिपलेश्वर महादेव की महाआरती की गई। जय श्री राम हर हर महादेव का जयघोष करते हुए विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने पूर्ण मनोयोग से भगवान शिव की आराधना करते हुए आरती अर्पित की। इसी अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के सामाजिक समरसता विभाग के नवनियुक्त जिला सह प्रमुख श्रवण पाठक का सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समरसता विभाग सागर के विभाग मंत्री श्री राम पटेल द्वारा फूल माला से श्रवण पाठक का स्वागत किया गया। इसी क्रम में विभाग समरसता प्रमुख सुनील ठाकुर अध्यक्ष अजय खत्री, बजरंग दल जिला संयोजक शंभू विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष राम मिश्रा, जिला सह संयोजक विक्रम साहू खत्री,आशीष पांडे, दीपक नेमा ने भी नवनियुक्त सामाजिक समरसता जिला सह प्रमुख पाठक का फूल मालाओं से स्वागत किया। जिला सह प्रमुख पाठक ने निष्ठा एवं लगन से कार्य करने की बात कहते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।



## कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय परिवर्तन यात्रा प्रारंभ



**दमोह देशबन्धु।** भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियां जिनमें मजदूरो का पलायन किसानो के लिये बड़ी बड़ी घोषणायें करना किंतु जमीनी सतह पर किसान हैरान परेशान है दिनों दिन बढ़ती महंगाई सब्जियों तेल मसालो के बढ़ते दाम बढ़ती बेरोजगारी के विरोध में कांग्रेस नेता प्रदीप खटीक के नेतृत्व में हटा विधानसभा के वरिष्ठ एवं युवा कांग्रेसजनों के साथ आदिवासी, बाहुल्य ग्राम पंचायत नोनपानी में बड़ा देव भगवान की पूजन अर्चन के बाद परिवर्तन यात्रा गुंजी, सुरखी, लुहर्रा से लेकर पैदल मार्च करते हुए हिन्डोरिया पहुंची जहां आयोजित नुक्कड़ सभा में प्रदीप खटीक ने कहा कमलनाथ का वचन है कि घरेलु गैस सिलेण्डर 500 रूपये में नारी सम्मान योजना में महिलाओं को प्रत्येक महीने 1500 रूपये 100 युनिट बिजली माफ 200 युनिट बिल हाफकिसानो की कर्जमाफी एवं किसानो की सिंचाई के लिये मुफ्त बिजली दी जायेगी एवं उक्त आशय के पंपलेट भी पदयात्रा कर रहें कांग्रेसजनों ने आमजनता को वितरित किये साथ ही नारी सम्मान योजना के फार्म भी महिलाओं के भरवाये द्वितीय दिवस परिवर्तन यात्रा हिण्डोरिया का भ्रमण कर रोड़ा, पिपरिया, खेरूआ, छापरी ठाकुर से होकर बिलाई में विश्राम करेगी। परिवर्तन पदयात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र खटीक, प्रशांत पाठक, दिलीप पटेल, सुनील राय, एमएम राही, बृजेश गुप्ता, राघवेन्द्र राजपूत, संजय राहु, राजू सोनी, सुधांसु चौबे, शहजाद हुसैन, क्रांति चौधरी, भीम नामदेव, हरिशंकर साहू, अकील खान, बलीराम, रामनारायाण पांडे, भूरे आदिवासी, रमेश आदिवासी सहित हटा विधानभा क्षेत्र के उपब्लॉक के अनेकों ग्रामीणजनों की उपस्थिति रहीं।

## स्टॉपेज शुरू न होने से अब वीरान नजर आते हैं स्टेशन

**पथरिया/ दमोह, देशबन्धु।** कोरोना काल में बदं किए गए ट्रेनों के स्टॉपजे अब तक शुरू नहीं हो सके हैं, जिसके कारण जहां स्टेशन पर वीरानी छाई है। वहीं ट्रेनों से यात्रा करने वाले शहरवासीी परेशान हो रहे हैं।

कोरोना के समय देश भर में ट्रेनों का संचालन बंद हुआ उसके बाद ट्रेन तो पहले स्पेशल बनकर और फिर पुराने नंबर से शुरू हो गई पर पथरिया स्टेशन पर स्टापेज बंद कर दिया, जिसे आज 3 वर्ष से ज्यादा समय हो गया पर अभी तक जनप्रतिनिधियों द्वारा गंभीरता से बात नहीं रखी गई कि आमजनता को आवागमन की सुलभ साधन व्यवस्था हो जाए। सोचने वाली बात है कि प्रदेश के हर संसदीय क्षेत्र में कोरोना के समय ट्रेनों के स्टापेज बंद हुए पर वहां के सांसद ने रेल मंत्री व प्रशासन को अवगत कराया और पुनः स्टापेज शुरू हो गए। पर वर्ष 2012 में आदर्श स्टेशन घोषित रही स्टेशन पर 6 ट्रेनों के स्टापेज बंद हुए उसके लिए निरंतर मांग हो रही फिर भी कोई ध्यान नहीं पत्राचार हो रहा है। ऐसे में समझ नहीं आ रहा जबलपुर सांसद ने 38-45 दिन में अपने क्षेत्र के स्टेशन पर स्टापेज स्वीकृत करा दिए, लेकिन दमोह संसदीय क्षेत्र में पत्र के ज़बाब में कभी कोई ऐसी बात सामन नहीं आई कि आखिर पथिरया में ट्रेनों का स्टापेज कब से मिलेगा। आम जनता मजबूरन अपनी यात्रा के लिए सागर दमोह जाना पड़ रहा है, कोई परेशान हो रहा है तो होता रहे, उनकी बला से जनप्रतिनिधियों को भला क्या फर्क पड़ता है।

▸ **सूचना के बाद भी वन अमला न पहुंचने पर ग्रामीणों ने लगाया जाम**

## अजाक्स संघ ने दमोह में बैकलॉग भर्ती कराने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



दमोह देशबन्धु। अजाक्स संघ जिला दमोह द्वारा कलेक्टर दमोह को बैकलॉग भर्ती कराने संबंधी ज्ञापन सौंपा। संघ के जिलाध्यक्ष डॉ मोहन सिंह आदर्श द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश शासन के द्वारा प्रत्येक वर्ष बैकलॉग भर्ती का एक्सटेंशन आदेश जारी किया जाता है, फिर भी दमोह जिले में 2017 के बाद आज दिनांक तक खाली पड़े बैकलॉग के 1437 पद नहीं भरे जा रहे हैं। जिससे दमोह के अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग सहित शिक्षित युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर दमोह में रिक्त पदों पर आउट सोर्स प्रथा के माध्यम से लगातार भर्तियां करके भाई-भतीजावाद प्रचलन में है एवं दमोह जिले के अधिकतर विभागों में 2006 के बाद आज दिनांक तक भर्ती रोस्टर संधारित नहीं किया गया जिसके चलते मध्यप्रदेश के किसी भी जिले की अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को उठाकर दमोह में नियुक्तियां की जा रही है जिससे दमोह के स्थानीय पद लगातार समाप्त हो रहे हैं ऐसी स्थिति में अगर शीघ्र मध्य प्रदेश शासन के निर्देशों का पालन करते हुए बैकलॉग भर्ती नहीं की जाती है तो दमोह की सड़कों पर वृहद आंदोलन होगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इसी के साथ एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति के नाम दिया गया जिसमें मणिपुर में हो रहे आदिवासी समुदायों पर अत्याचारों पर सरकार द्वारा रोक लगाई जावे। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष तुलाराम अहिरवार, जिला महासचिव नारायण मरावी, जिला उपाध्यक्ष ओपी राज, जिला सचिव डॉ सुभाष अहिरवार, सचिव श्री प्रमोद अहिरवार, कार्यालय सचिव राकेश सूर्यवंशी, पवन रोहित संयुक्त सचिव, सुंदर लाल अहिरवार, बकील सहित अजाक्स के साथियों की उपस्थिति रही।

# आज हुंकार भरेगी आम आदमी पार्टी

**छतरपुर, देशबन्धु।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव अमित भटनागर ने जानकारी देते हुए बताया कि आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश में पूरे जोर-शोर से चुनावी तैयारी में जुट गई है पार्टी का बूथ लेवल तक संगठन खड़ा होने लगा है पार्टी बदला यात्रा के माध्यम से पूरे मध्यप्रदेश में के जन-जन तक यह संदेश पहुंचाने में लग गई है अमित भटनागर ने बताया कि आम आदमी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष और सिंगरौली से महापौर रानी अग्रवाल बुंदेलखंड के पांच दिवसीय दौरे पर है जिसमें भाई 1 तारीख मंगलवार को बिजावर से जटाशंकर तक की जा रही बदलाव पदयात्रा में सम्मिलित होंगी इस बदलाव पदयात्रा में पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन अखंड प्रताप सिंह यादव भी सम्मिलित हो रहे हैं गौरतलब है कि अखंड प्रताप सिंह यादव कांग्रेश बा भा जा पा दोनों ही सरकारों में छतरपुर जिले के प्रभारी मंत्री रह चुके हैं वह आम आदमी पार्टी की केजरीवाल जी की दिल्ली मॉडल से प्रभावित होकर अभी कुछ दिनों पहले ही आम आदमी पार्टी में सम्मिलित हुए है। बदलाव पदयात्रा आज सुबह 9.00 बजे प्रारंभ होकर बिजावर नगर का एक भ्रमण करते हुए जटाशंकर के लिए प्रस्थान करेगी। यात्रा में बिजावर विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ छतरपुर जिले के टीकमगढ़ लोकसभा प्रभारी दिलीप शर्मा, छतरपुर जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, यूथ विंग अध्यक्ष मनु चौरसिया महिला विंग अध्यक्ष नेहा सिंह किसान विंग अध्यक्ष बंटी सिंह साथ ही आम आदमी पार्टी के बिजावर से जीते हुए पार्षद वार्ड नंबर 01 से रामपाल शर्मा वार्ड नंबर 09 से कु. दिव्या अहिरवार सहित आम आदमी पार्टी के समर्थित जिला पंचायत सदस्य सरिता भागीरथ पटेल रविंद्र पटेल आदि सम्मिलित होंगे।

## दुकान की गुल्लक से 10 हजार की चोरी



**लवकुशनगर, देशबन्धु।** महोबा रोड स्टेट बैंक के बगल में रामेश्वर प्रसाद गुप्ता की किराना की दुकान पर सुबह लगभग 9 एक अज्ञात ने दुकान की गुल्लक में रखे लगभग 10000 की गड्डी निकाल कर जेब में डाली और कुछ देर वहां पर देखता रहा और वह निकल गया यह पूरी घटना सीसीटीवी मैं कैद हो गई इसके बाद दुकानदार ने लवकुशनगर थाना पहुंचकर घटना की जानकारी दी और लिखित आवेदन दिया जिसकी लवकुशनगर पुलिस द्वारा जांच की जा रही।

# महोबा रोड से लेकर पुराने बस स्टैंड में नहीं एक भी शुलभ कॉम्प्लेक्स

▸ **कैसे होगा स्वच्छ नगर सुंदर नगर**

**मोहित बरानिया**

**लवकुशनगर, देशबन्धु।** स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिये आम लोगो को जागरुक करने में लाखो खर्च हो रहे है। आम लोगो से अपील हो रही है कि खुले में शौच, बाथरुम न करे, आस पास स्वच्छता बनाये रखे । नगर में साफ स्वच्छ जिसमें पानी आदि की ब्यवस्था वह मात्र एक ही रेस्ट हाउस के पास शौचालय है। इसके अलावा नवीन बस स्टेण्ड में बने शौचालय गंदगी और कचड़े का अंबार रहता है, पानी तक की ब्यवस्था नही है जिससे और अधिक गंदगी रहती है। महोबा रोड से लेकर पुराने बस स्टेण्ड, पुराने बस स्टेण्ड से लेकर अक्टोहा तिगैला तक एक भी शौचालय नही है जहाँ दुकानदार और राहगीर शौच और बाथरुम कर सके । महोबा रोड में दुकानदार और राहगीर खुले में बाथरुम करना मजबूरी बनी हुई है। महोबा रोड के प्रतिष्ठित ब्यवसाई ओमपाल रैकवार, मटरु दादा की मॉग है कि महोबा रोड में एक अच्छा शौचालय सुलभ काम्प्लेक्स बने जिससे गंदगी न फैले और दुकानदार और राहगीरो को खुले में शौच और बाथरुम के लिये न जाना पड़े।



**सीएमओ आवास के बगल से खुले में करते है लोग बाथरुम** - नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी का आवास जहाँ पर साहब रहते है। सीएमओ के आवास के बगल में गदंगी और बदबू के कारण आप खड़े नही हो सकते है। आवास के बगल से लोग खुले में बाथरुम करते है जिसके कारण रहवासियो को भी खासी परेशानी होती है। पूर्व में अनेको बार दुकानदारो एवं स्थानीय रहवासियो ने विधिवत् सुलभ काम्पलेक्स की मॉग की लेकिन कोई असर नही हुआ । महोबा रोड, पुराने बस स्टेण्ड के दुकानदारो एवं राहगीरो को बाथरुम करने के लिये सीएमओ बगला के पास आना पड़ता है जो काफी दूर भी है।

**युवा सौप चुके आवेदन** - सीएमओ आवास के पास सुलभ कॉम्पलेक्स और साफ सफाई को लेकर नगर के युवा वर्ग ज्ञापन सौप कर मॉग कर चुका है। ज्ञापन के माध्यम से पूर्व में मॉग हो चुकी है कि यहाँ अधिक गंदगी रहती है इसको साफ करवाया जाये और बाथरुम का निर्माण करवाया जाये जिससे आम लोगो को इस परेशानी से मुक्ति मिल सके ।

# सिंचाई परियोजना से पाइप लाइन के माध्यम से खेतों में पहुंचेगा पानी: गोपाल भार्गव

## 21 ग्रामों की 12 हजार एकड़ से अधिक भूमि होगी सिंचित



**सागर, देशबन्धु।** रहली विधानसभा क्षेत्र का एक-एक खेत सिंचित होगा एवं खेतों पर केथ सिंचाई परियोजना से पाइप लाइन के माध्यम से खेतों में पानी पहुंचा कर सिंचाई की जाएगी। यह जानकारी मंत्री गोपाल भार्गव ने रहली विधानसभा क्षेत्र के पटना बुजुर्ग में 162 करोड़ से अधिक की राशि से तैयार होने वाली केथ मध्यम सिंचाई परियोजना के भूमि पूजन कार्यक्रम में दी। इस अवसर पर राजेंद्र जारोलिया, सुरेश कपस्या, इंद्रपाल सिंह, उमेश मिश्रा, अमित नायक, आशीष जैन, कलेक्टर दीपक आर्य, अनुविभागीय अधिकारी गोविंद दुबे, जल संसाधन विभाग के अधिकारी सचिन इंद्रपाल, पुष्पेंद्र सिंह, अर्पित बिल्थरे सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी मौजूद थे। भूमि पूजन कार्यक्रम में मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि रहली विधानसभा क्षेत्र का एक-एक खेत अगले जून 2024 तक सिंचित होगा। केथ परियोजना के माध्यम से रहली विधानसभा के 21 ग्रामों में 12488 एकड़ भूमि सिंचित होगी। एक परियोजना के माध्यम से नवाचार करते हुए सभी ग्रामों के खेतों में पाइपलाइन के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इसी प्रकार रहली विधानसभा क्षेत्र में एक एक खेत को सिंचित करने के लिए चार सिंचाई परियोजनाएं का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। आपचंद सिंचाई योजना, जामदेरा योजना किशनगढ़ सिंचाई योजना एवं कोपरा मध्यम सिंचाई परियोजना के माध्यम से रहली विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्रामों में सिंचाई की जाएगी। गोपाल भार्गव हमेशा निस्वार्थ भाव से कार्य करता है। उन्होंने कहा कि नदी वृक्ष एवं भूमि के समान है जो अपने लिए नहीं दूसरों के लिए परमार्थ का कार्य करती है। उसी प्रकार गोपाल भार्गव भी कार्य करता है। उन्होंने कहा कि सिंचाई परियोजनाएं एक दिन के लिए नहीं होती, पीढ़ियों के लिए होती हैं। इनके बन जाने से क्षेत्र में सुख समृद्धि आती है। साथ में किसानों की आय दोगुनी होती है। उन्होंने कहा कि रहली विधानसभा क्षेत्र में शीघ्र ही नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। जिसमें हमारे क्षेत्र के 12000 से अधिक युवक युवतियों को रोजगार मिल सकेगा एवं नए-नए व्यवसाय शुरू होंगे।

# संत रविदास के मंदिर निर्माण और सभा स्थल की तैयारियों का निरीक्षण किया



**सागर, देशबन्धु।** सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन तथा जिले के प्रभारी मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया सोमवार को सागर प्रवास पर रहे। श्री भदौरिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आगामी 12 अगस्त को संत शिरोमणि रविदास के मंदिर निर्माण स्थल के भूमिपूजन कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया। ढाना हवाई पट्टी के समीप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित सभा स्थल का अवलोकन किया तथा तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र जैन, विधायक प्रदीप लारिया, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत, महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौजूद थे।

## सार-समाचार

### सांसे हो रही कम, आओ पौधे लगाएं हम अभियान के तहत किया पौधारोपण



**मकरोनिया, देशबन्धु।** भारतीय जैन संघटना मकरोनिया चैप्टर द्वारा श्री तपोवन तीर्थ क्षेत्र में बड़ी संख्या में सदस्यों द्वारा सपरिवार शामिल होकर पौधारोपण किया। मुख्य अतिथि बीजेएस जिला अध्यक्ष मनोज जैन लालो की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन भी किया गया। अन्य अतिथियों में जिला सचिव सुकमाल जैन नैनधरा जिला कोषाध्यक्ष संजय जैन दिवाकर भी शामिल हुए। मकरोनिया चैप्टर के अध्यक्ष कमलेश चौधरी कार्यकारी अध्यक्ष सुनील जैन, सचिव इंजी. सुमत जैन एवं कोषाध्यक्ष राजेश मलैया द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। बीजेएस जिला अध्यक्ष मनोज जैन लालो ने अपने उद्बोधन में भारतीय जैन संगठन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि पूरे सागर जिले में बीजीएस की 20 शाखाओं के द्वारा लगभग 2500 वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है। तपोवन तीर्थ पर आम जामुन अशोक गुलमोहर के पौधे रोपे गए। बीजेएस मकरोनिया चैप्टर की कार्यकारिणी की घोषणा की।

# 21 साल से एक अपाहिज भाई और बूढ़ी मां लगा रहे दफ्तरों के चक्कर

## मप्र सरकार पात्र होते हुए भी नही दे रही शहीद का दर्जा

**सागर, देशबन्धु।** 21 साल से एक अपाहिज भाई और बूढ़ी मां की आंखे अपने सीआरपीएफ कांस्टेबल बेटे की अम्बुश ब्लास्ट में हुई शहदत के बाद शहीद घोषित होने के इंतजार में पथरा गई हैं। बार-बार अधिकारियों मंत्रियों और दफ्तरों के चक्कर काटकाट कर थक चुकी 72 साल की बूढ़ी मां कहती है कि 11 अगस्त को अपने बेटे के शहीदी दिवस को नहीं मनाएगी और अपने ही घर में बैठकर विरोध दर्ज करायेगी। पत्रकारों को जानकारी देते हुए शहीद के भाई ने बताया कि उड़ीसा में 11 अगस्त 2002 को नक्सलियों माओवादियों के विरूद्ध चलाये गये आपरेशन में नक्सलियों के अम्बुश एवं आईईडी से हमला और अंधाधुंध फायरिंग में फंसकर मुठभेड़ में उसका भाई कांस्टेबिल प्रदीप कुमार लारिया शहीद हो गया था। लेकिन परिवार को 21 साल बाद भी मप्र सरकार द्वारा पात्र होते हुए भी निर्धारित शहीद का दर्जा, सम्मान निधि, उचित सम्मान एवं सुविधाएं नहीं दी गईं। अपाहिज भाई ने बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा प्रकाशित नमन नामक किताब में खंड 3 1998-2004 जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं महानिदेशक सीआरपीएफ नई दिल्ली द्वारा सन 2015 में विमोचित किया गया के पृष्ठ संख्या 186 पर घटना का उल्लेख अग्रलिखित है जिसमें प्रदीप कुमार लारिया व उसके अन्य साथियों को शहीद बताया गया है। भाई ने बताया कि 11 अगस्त 2002 को 34 बटालियन की एक टुकड़ी ने रायगढ़ा जिले के गुनुपुर थाना क्षेत्र के गांव गोथाल पड़ार में माओवादियों नक्सलियों के विरूद्ध एक आपरेशन का संचालन किया था। टुकड़ी ने करीब 25 किलोमीटर का रास्ता से तय किया और जब यह अपने लक्ष्य के नजदीक थी तभी माओवादियों ने आईईडी विस्फोट और भारी फायर के साथ इस पर आक्रमण किया। टुकड़ी का एक वाहन सीधे इस विस्फोट की चपेट में आ गया और इसमें सभी कार्मिक गंभीर रूप से घायल हो गये। इसी बीच टुकड़ी के अन्य वाहन भी वहां पहुच गये और उन्होंने माओवादियों पर प्रतिआक्रमण कर दिया। जिससे घबराकर माओवादी अपना स्थान छोड़कर वहां से भाग खड़े हुए। इस हमले में बल के छह वीर कार्मिक सब इंस्पेक्टर पति राम, सिपाही प्रमोद कुमार त्यागी, सिपाही एमजी अंगाडे, सिपाही धर्मपाल सिपाही प्रवीण कुमार पांडे और सिपाही प्रदीप कुमार लारिया गंभीर रूप से घायल होकर देश सेवा के अपने कर्तव्य पर वीरगति को प्राप्त हुये।

# जहां शब्दों की सीमाएं समाप्त होती हैं वहीं से आशुतोष की कविता आरंभ होती है: डॉ. सोहगौरा

**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि में विज्ञान संकाय के संस्कारधानी जबलपुर निवासी युवा छात्र आशुतोष मिश्रा के प्रथम काव्य संग्रह एहसासों की कश्तिया का विमोचन और उस पर समीक्षात्मक चर्चा का गरिमामय कार्यक्रम पं. ज्वालाप्रसाद ज्योतिषी इंस्टीट्यूट में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सागर विवि के फार्मेसी विभाग के पूर्व अध्यक्ष वैज्ञानिक प्रो. विनोद दीक्षित ने एआई जनरेटेड कविता एहसासों की कश्तियां का पाठ कर सभागार को हतप्रभ कर दिया। साथ ही उन्होंने चैट जीपीटी और लेखकीय रचनात्मकता के मध्य उठ रहे द्वंद को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आशुतोष में विज्ञान और काव्य का संतुलन देखने को मिलता है। मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन सागर इकाई के अध्यक्ष आशीष ज्योतिषी ने अध्यक्षीय




उद्बोधन में कहा कि जब तक समाज में रचनात्मकता रहेगी, सृजन चलता रहेगा आर्टिफिसियल इंटेलिजेन्स हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। आशुतोष की रचनाओ में युवाओं सा जोश है, जल सी तरलता है, जो मानवीय अहसासों को छूती हैं।

सागर में ही अपनी प्रथम कृति का विमोचन कराकर उन्होंने सागर के प्रति अपनी श्रद्धा और प्रेम की अभिव्यक्ति की है। विशिष्ट अतिथि डॉ हरीसिंह गौर विवि के ज्वाइंट रजिस्ट्रार डॉ. संतोष सोहगौरा ने कहा कि जहां शब्दों की सीमा समाप्त होती है वहीं से आशुतोष की कविता आरंभ होती है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ शरद सिंह ने अपने समीक्षात्मक उद्बोधन में कहा कि कवि आशुतोष मिश्रा का फलक बड़ा है। उनकी दृष्टि निजी अनुभवों से लेकर सामाजिक परिदृश्य तक विस्तार पा रही है। एहसासों की कश्तियां वह युवा स्वर का काव्य संग्रह है जिसे युवा तो पसंद करेंगे ही, साथ ही हर आयु वर्ग के पाठक इन कविताओं से गुजर कर अपनी-अपनी स्मृतियों को ताजा कर सकते हैं। अतिथि स्वागत कपिल बैसाखिया, हरी नारायण शुक्ला, उषा वाजपेयी, डॉ. राकेश शर्मा, डॉ. आरआर पाण्डेय और डॉ. नलिन जैन ने किया।

श्यामलम् अध्यक्ष उमाकान्त मिश्र ने कार्यक्रम परिचय और पाठक मंच केंद्र संयोजक आर के तिवारी ने स्वागत भाषण दिया। मंचासीन अतिथियों और आयोजक संस्थाओं द्वारा काव्य कृति एहसासों की कश्तियां का विमोचन और रचनाकार आशुतोष मिश्रा का पुष्पहार, शॉल व अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन रंगकर्मी शुभम उपाध्याय ने किया और हरीसिंह ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।






स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** * प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।